फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 2 1 वर्ष, अंक 43 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 07 मार्च 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# देश विकास पथ पर आगे बढ़ रहा: मोदी

## पीएम मोदी ने कुल 32.2 किमी पुणे मेट्रो रेल परियोजना के 12 किमी खंड का उद्घाटन किया, पुणे नगर निगम परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का भी अनावरण किया

**पुणे: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के पुणे पहुंचे जहां उन्होंने मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कुल 32.2 किमी पुणे मेट्रो रेल परियोजना के 12 किमी खंड का उद्घाटन किया। इसके बाद वे मेट्रो रेल में सवार हुए। इस दौरान उन्होंने मेट्रो में बैठे बच्चों से बातचीत की। बता दें कि मेट्रो की सवारी के लिए पीएम मोदी ने टिकट भी खरीदी। वहीं इससे पहले उन्होंने पुणे नगर निगम परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया।





इस दौरान महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और पुणे के मेयर मुरलीधर मोहोल भी मौजूद थे। उद्घाटन और अनावरण के बाद पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 तक देश के सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में ही मेट्रो का एक व्यापक विस्तार हुआ था। बाकि इक्का-दुक्का शहरों में मेट्रो पहुंचनी शुरू ही हुई थी। आज देश के 2 दर्जन से अधिक शहरों में मेट्रो या तो ऑपरेशनल हो चुकी है या फिर जल्द चालू होने वाली है।

**छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मिला:** पीएम ने कहा कि इस समय देश 75वां आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, भारत की आजादी में पुणे का ऐतिहासिक योगदान रहा है। मैं इस धरती के सभी स्वतंत्र सेनानियों को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। मुझे आज छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का सौभाग्य मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी के हृदय में बसने वाले शिवाजी महाराज जी की ये प्रतिमा, युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा जगाएगी। ये मेरा सौभाग्य है कि पुणे मेट्रो के शिलान्यास के लिए आपने मुझे बुलाया था और लोकार्पण का भी आपने मुझे अवसर दिया है।

**आधुनिक सुविधाएं, पुणे के लोगों की जरूरत हैं: पीएम मोदी**-पीएम मोदी ने कहा कि पुणे ने एजुकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आईटी और ऑटोमोबिल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान निरंतर मजबूत की है। ऐसे में आधुनिक सुविधाएं, पुणे के लोगों की जरूरत हैं और हमारी सरकार पुणेवासियों की इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है।

## ट्रांसपोर्ट के मामले में भारत के शहरों में स्मार्ट मोबिलिटी हो: पीएम

**पीएम मोदी** ने कहा कि मैंने पुणे मेट्रो रेल में गरवारे कॉलेज मेट्रो स्टेशन से आनंद नगर मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की। ये मेट्रो पुणे में मोबिलिटी को आसान करेगी, प्रदूषण और जाम से राहत देगी। पुणे के लोगों की ईज ऑफ लिविंग बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हर शहर में ज्यादा से ज्यादा ग्रीन ट्रांसपोर्ट हो, इलेक्ट्रिक बसें हों, इलेक्ट्रिक कारें हों, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन हों। हर शहर में स्मार्ट मोबिलिटी हो, लोग ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए एक ही कार्ड का इस्तेमाल करें। पीएम मोदी ने 24 पीएम मोदी ने 24 दिसंबर 2016 को मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखी थी। जो 11,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रही है। परियोजना पुणे में शहरी आवाजाही के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधा प्रदान करने का एक प्रयास है।



## मुला-मुथा नदी परियोजनाओं की आधारशिला रखीं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दोपहर करीब 12 बजे कई विकास परियोजनाओं की आधारशीला रखी और उद्घाटन किया। उन्होंने मुला-मुथा नदी परियोजनाओं के कायाकल्प और प्रदूषण उपशमन की आधारशिला भी रखी। नदी के नौ किलोमीटर खंड में 1080 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत से कायाकल्प किया जाएगा। इसके तहत नदी किनारे संरक्षण, इंटरसेप्टर, सीवेज नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाएं, नौका विहार गतिविधि आदि जैसे कार्य शामिल होंगे।

मुला-मुथा नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना को 1470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वन सिटी वन ऑपरेटर की अवधारणा पर लागू किया जाएगा।

## महाराष्ट्र सरकार के हिस्सेदारी न देने से मुंबई में बुलेट ट्रेन का काम रुका



**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार की ओर से अपनी हिस्सेदारी के पांच हजार करोड़ रुपये न देने से मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का काम रुक गया है। एनएचआरसीएल के प्रवक्ता के अनुसार इस प्रोजेक्ट के तहत बांद्रा-कुर्ला स्टेशन के अंडरग्राउंड टनल के काम को सी1 टेंडर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स को सी2 टेंडर में शामिल किया गया था। इसके लिए 14.5 मीटर व्यास वाली तीन टनल बोरिंग मशीनों की आवश्यकता होती है। मुंबई में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में तेजी लाने के लिए नवंबर 2019 में निविदाओं की घोषणा की गई थी, जिन्हें फिलहाल रद्द कर दिया गया है। बताया गया कि नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉरपोरेशन (एनएचआरसीएल) ने बुलेट ट्रेन परियोजना में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा और बांद्रा-कुर्ला स्टेशन के बीच सुरंग बनाने का काम रोकने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की घोषणा की थी और इस परियोजना का शिलान्यास समारोह वर्ष 2017 में किया था।

## भारत ने श्रीलंका को एक पारी और 222 रन से हराया




**मोहाली:** भारतीय टीम ने रविवार को मोहाली में खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका को एक पारी और 222 रन से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 574 रन बनाकर घोषित की। भारत के स्टार ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने नाबाद 175 रनों की पारी खेली। उनके अलावा रिषभ पंत ने ताबड़तोड़ 96 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम के गेंदबाजों ने मेहमान टीम की पहली पारी को 174 रनों पर समेट दिया और भारत को पहली पारी के आधार पर 400 रन की बढ़त मिली। यहां भारत ने श्रीलंका को फॉलोऑन दिया। मेहमान टीम के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए। पूरी टीम 178 रनों पर ऑलआउट हो गई। भारत की तरफ से रविन्द्र जडेजा ने नाबाद 175 रन के अलावा मैच में कुल 9 विकेट लिए। श्रीलंका की पहली पारी: पहली पारी में श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। श्रीलंका को पहला झटका थिरिमाने के रूप में लगा। उन्हें अश्विन ने 17 रन के स्कोर पर पगबाधा किया। इसके बाद 59 रन के कुल स्कोर पर श्रीलंका को दूसरा झटका रविन्द्र जडेजा ने दिया। उन्होंने कप्तान करुणारत्ने को 28 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। 96 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने एंजेलो मैथ्यूज (22) को पगबाधा कर श्रीलंका को तीसरा झटका दिया। अश्विन ने 103 के कुल स्कोर पर धनंजय डी सिल्वा (01) को पवेलियन भेज भारत को चौथी सफलता दिलाई। असलंका के रूप में मेहमान टीम को पांचवां झटका लगा। बुमराह ने असलंका को 29 रन के निजी स्कोर पर आउट किया।

# मिशन विश्व कप का विजयी आगाज

## वनडे में भारत की पाकिस्तान पर लगातार 11वीं जीत, 107 रन से शिकस्त दी

**माउंट माउंगानुई:** महिला विश्व कप में भारत ने जीत के साथ आगाज किया है। अपने पहले मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 244 रन बनाए थे। स्मृति मंधाना ने 52 रन, दीप्ति शर्मा ने 40 रन, पूजा वस्त्रकर ने 67 रन और स्नेह राणा ने नाबाद 53 रन की पारी खेली थी। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 137 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से सिदरा अमीन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से राजेश्वरी गायकवाड़ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट झटके। इसके अलावा झूलन गोस्वामी और स्नेह राणा को दो-दो विकेट मिले। मेघना और दीप्ति ने एक-एक खिलाड़ी को पवेलियन भेजा। भारतीय टीम अब 10 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन में मैच खेलेगी। पूजा को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।




**भारत की पाकिस्तान पर लगातार 11वीं जीत:** आंकड़ों की बात करें तो भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में लगातार 11वीं जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ सभी 11 मुकाबले जीते हैं।

वहीं, महिला वनडे विश्व कप में दोनों टीमों के बीच चार मुकाबले खेले गए हैं। भारत ने चारों मैच में पाकिस्तान को हराया है। फैन्स एक हाईवोल्टेज मुकाबले की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन भारतीय टीम ने इसे एकतरफा बना दिया।

# श्रीनगर में ग्रेनेड हमला: पुलिसकर्मी समेत 20 लोग घायल, एक की मौत

**जम्मू:** श्रीनगर के अमीराकदल में आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड हमला किया। ग्रेनेड फटने के कारण पुलिस कर्मी समेत 20 लोग घायल हो गए। इसके अलावा गंभीर रूप से जख्मी एक नागरिक की मौत भी हो गई। अचानक हुए विस्फोट के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अन्य सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। आतंकियों की बड़े पैमाने पर तलाश की जा रही है। सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। इसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। अमीराकदल में सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी नाके पर तैनात थी। इसी बीच उन पर ग्रेनेड हमला किया गया।



निशाना चूकने के कारण ग्रेनेड के दूसरी जगह जाकर फट गया। आईजी विजय कुमार ने बताया कि आतंकियों की तलाश की जा रही है।

## भारत को दूसरे एस-400 स्क्वाड्रन की आपूर्ति करेगा रूस

**नई दिल्ली:** यूक्रेन से चल रहे युद्ध का भारत को रूस से मिलने वाले हथियारों की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि रूस इसी महीने भारत को एयर मिसाइल डिफेन्स सिस्टम एस-400 का प्रशिक्षण स्क्वाड्रन देगा। रूस से दूसरे एस-400 स्क्वाड्रन की आपूर्ति जून में की जाएगी। अभी पिछले हफ्ते भारतीय वायु सेना के वाइस चीफ एयर मार्शल संदीप सिंह ने कहा था कि भारत और रूस के रिश्ते पहले से ही ठीक हैं और आगे भी बेहतर रहेंगे।


## डोनबास के 13-14 हजार लोगों की मौत पर क्यों चुप रहे पश्चिम देश: पुतिन

**मॉस्को:** यूक्रेन पर रूसी सेना के आक्रमण के फैसले को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कठिन फैसला बताते हुए सवाल उठाया है कि आखिर डोनबास में 13 से 14 हजार लोगों के कत्ल के बाद भी पश्चिम देश क्यों चुप रहे। हालांकि, यूक्रेन के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन चलाना आसान फैसला नहीं था लेकिन एक के बाद एक घटनाओं के चलते यह हमला जरूरी हो गया था। पुतिन के 24 फरवरी को आदेश पर यूक्रेन पर हमला शुरू हुआ जिसे ज्यादातर पश्चिमी देशों ने अनुचित और गैरकानूनी करार दिया है। साथ ही इसे लेकर रूस पर कई कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि मैंने ऑपरेशन की शुरूआत में कहा था कि यूक्रेन पर हमला बिना संदेह एक कठिन फैसला था।

यूक्रेन में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई थी। उन्होंने 2014 के 'असंवैधानिक तख्तापलट' का भी जिक्र किया जिसे पश्चिमी देशों का सक्रिय रूप से समर्थन मिला था।

# बीएसएफ हेडक्वार्टर में अंधाधुंध गोलीबारी: जवान ने 4 साथियों की हत्या करके सुसाइड किया

**मजीठा/अमृतसर:** पंजाब के अमृतसर जिले में बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) हेडक्वार्टर में रविवार सुबह एक जवान ने मेस में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। फायरिंग में 4 जवानों की मौत हो गई है और 1 गंभीर रूप से घायल है। वहीं फायरिंग करने वाले जवान ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। अस्पताल ले जाते हुए उसकी भी मौत हो गई। फायरिंग करने वाले जवान की पहचान बटालियन 144 के कॉन्स्टेबल सत्यप्पा एसके के रूप में हुई है।




फायरिंग की वजह ड्यूटी का विवाद बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, खासा स्थित बीएसएफ हेडक्वार्टर की मेस में बटालियन 144 के जवान नाश्ता कर रहे थे। इस दौरान बटालियन 144 के कॉन्स्टेबल सत्यप्पा एसके गुस्से में तमतमाते हुए आया और अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। बताया गया है कि सत्यप्पा ड्यूटी को लेकर नाराज चल रहा था। इस घटना से हेडक्वार्टर में हड़कंप मच गया। मेस में गोलियां चलाकर सत्यप्पा ने अपने 4 साथियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि एक जवान राहुल गंभीर घायल हो गया। सत्यप्पा इतने पर भी नहीं रुका। अपनी सर्विस कम्बाइन लेकर मेस से बाहर भागा और लगातार गोलियां चलाता गया।

## दो नाबालिगों ने यूट्यूब से सीखा हथियार बनाना और खोल ली फैक्ट्री

**जबलपुर:** जबलपुर की धन्वंतरि नगर पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कट्टा और चाकू बरामद किया है। वहीं, पुलिस पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। लड़कों ने बताया कि उन्होंने यूट्यूब से हथियारा बनाना सीखा और बाद में इसे बेचने का काम शुरू कर दिया, फिलहाल पुलिस लड़कों से मिली जानकारी के आधार पर उन लोगों को तलाश रही हैं जिन्होंने लड़कों से हथियार खरीदे हैं।

**घर में ही बनाते थे हथियार:** दोनों नाबालिग आरोपी हनुमानताल क्षेत्र के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों में से एक लड़के के पिता इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं, उसके घर पर बहुत सारा सामान रखा हुआ था। दोनों ने उसी समान से यूट्यूब से हथियार बनाना सीखा। हनुमानताल स्थित सैयद बाबा मजार के पास रहने वाले दोनों लड़के शातिर बदमाश बताए जा रहे हैं। लड़कों का नाम पहले भी इसी तरह के अवैध कामों में आ चुका है। धन्वन्तरि नगर चौकी पुलिस ने हनुमानताल थाना पुलिस के साथ मिलकर लड़कों की बताई जगह पर छापा मारा।

# बर्फबारी में फंसे लोगों का सेना ने किया रेस्क्यू

## सेना ने बर्फ में फंसे 230 लोगों को कश्मीर की गुरेज घाटी से एयरलिफ्ट किया

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में बर्फबारी के चलते गुरेज घाटी में फंसे 230 यात्रियों को भारतीय सेना ने एयरलिफ्ट कर लिया है। आर्मी ने स्थानीय टीम की मदद से घंटों के अभियान के बाद सभी को सुरक्षित निकाल लिया है। घाटी में फंसे लोगों में खड्डरइ के 84 प्रतियोगी, 103 सीनियर सिटीजन, 13 बच्चे भी थे। इस अभियान में एमआई-17 और आर्यन प्राइवेट हेलीकॉप्टर को लगाया गया। 17 उड़ानों में सभी 230 लोगों को एयरलिफ्ट कर लिया गया।



**घाटी के इन इलाकों में फंसे 230 लोग:** ये लोग बर्फ गिरने के बाद रास्ते बंद होने से गुरेज घाटी के अलग-अलग इलाकों में फंसे थे। 114 लोग गुरेज घाटी के डावर, कंजलवां, नीरू और बडुआब इलाकों में थे, इन्हें एयरलिफ्ट कर बांदीपोरा पहुंचाया गया। वहीं 103 सीनियर सिटीजन और 13 बच्चों को दूसरे इलाकों से एयरलिफ्ट किया गया।

**मनोज सिन्हा बोले- स्टूडेंट्स के करियर से खिलवाड़ नहीं:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इस मसले की अपडेट ले रहे थे। उन्होंने सभी यात्रियों खासतौर से खड्डरइ की परीक्षा देने जा रहे छात्रों को जल्द से जल्द बर्फ से निकालने के निर्देश दिए थे। उपराज्यपाल ने कहा कि अगर उन्हें निकालने में देर होती है तो स्टूडेंट्स का पेपर छूट जाएगा और हम उनके करियर से खिलवाड़ नहीं कर सकते। इसके बाद प्रशासन ने छात्रों सहित सभी यात्रियों को एयरलिफ्ट किया। छात्रों के एयरलिफ्ट करने की जानकारी मिलने पर मनोज सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों को संकट से निकलना बड़ी बात है।

## 'रूसी सेना का मुकाबला करने को भेजें लड़ाकू विमान'

**कीव:** रूस के लगातार हमलों के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी सांसदों से वीडियो कॉल में लड़ाकू विमान भेजने और रूस से तेल आयात कम करने की भावुक अपील की है ताकि उनका देश रूसी सैन्य कार्रवाई का मुकाबला कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि वह उनको शायद आखिरी बार जिंदा देख रहे हैं। कीव में मौजूद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की कहा कि यहां रूस की बख्तरबंद टुकड़ियों का जमावड़ा है। यूक्रेन को अपनी हवाई सीमा की सुरक्षा करने की जरूरत है। यह या तो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) द्वारा उड़ान वर्जित क्षेत्र लागू करने से या अधिक लड़ाकू विमानों के भेजे जाने से ही हो सकता है। जेलेंस्की कई दिनों से उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन नाटो इससे इनकार कर रहा है।



## खबर संक्षेप

### लाइन बॉक्स हटाने के आदेश के विरोध में प्रदर्शन

**प्रयागराज।** ट्रेन मैनेजरों (गार्ड) का लाइन बॉक्स हटाने के रेलवे बोर्ड के आदेश की रेलकर्मियों ने कड़ी निंदा की है। शनिवार को स्टेशन पर गार्डों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि बॉक्स हटाने से सुरक्षा इंतजाम पर असर पड़ेगा।ड्यूटी के समय गार्ड के साथ एक बक्सा होता है, जिसे लाइन बॉक्स कहते हैं। इसमें झंडी, लाइट, एलवी बोर्ड, प्राथमिक उपचार पेटी समेत 16 संरक्षा उपकरण तथा भोजन बनाने का अनाज भी रहता है। गार्डों के अनुसार बॉक्स का वजन कम से कम 35 किग्रा होता है। आरोप है कि रेलवे बोर्ड की ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के पदाधिकारियों से वार्ता होनी थी लेकिन रेलवे बोर्ड ने बिना वार्ता नियम विरुद्ध तरीके से बॉक्स हटाने का निर्देश दिया है। अगर ऐसा हुआ तो बॉक्स में रखे जाने वाले उपकरण के साथ संरक्षा पटाखों को भी सार्वजनिक क्षेत्र में साथ लेकर चलना पड़ेगा जो कि खतरनाक हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान गोविन्द यादव, प्रांजल श्रीवास्तव, आरके पाल, एके पांडेय, एके मौर्या, मनोज कुमार, एसके निगम, बीके यादव आदि रहे।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी

## फिर एक बार चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती, नहीं लगा कोई सुराग

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के गंगादीप नगर मोहल्ले में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक बंद मकान से लाखों रुपए की नकदी समेत सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य उपकरणों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके वारदात स्थल पर पहुंची और हर बार की तरह जांच पड़ताल की खानापूर्ति करते हुए बैरंग वापस लौट आई। चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भुक्तभोगी ने नैनी पुलिस को तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के खा?ई गांव के रहने वाले विष्णु शर्मा पुत्र केसरी नारायण शर्मा नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंगादीप नगर में मकान बनवा कर परिवार सहित रहते हैं। वह मकान का कुछ हिस्सा किराए पर भी उठाए हुए हैं। बीते चार मार्च को वह अपने मूल निवास किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर पर ताला बंद कर परिवार समेत गए हुए थे। रविवार सुबह किरायेदारों ने उनके मकान का ताला टूटा देख दंग रह गए। सूचना मिलने पर भुक्तभोगी मौके पर पहुंचे और कमरों की हालत देख वह उनके होश उड़ गए।





चोरी के बाद घर के कमरों में रखे सभी सामान खंगाले गये जो अस्त व्यस्त अवस्था में हैं

भुक्तभोगी के मुताबिक चोरों ने मौका पाते ही उनके घर में दाखिल हो गए और लगभग डेढ़ लाख रुपए नकदी सहित सोने चांदी से निर्मित आभूषण समेत लाखों रुपए के अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। बता दें कि इससे पूर्व भी नैनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग कई स्थानों पर चोरी की वारदात घटित हो चुकी है, लेकिन अब तक चोरों के गिरोह को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन वारदात को अंजाम देने में जुटे हुए हैं।

### शान्ति भंग के तहत दो नंबर अभयुक्तो को भेजा गया न्यायालय

**लेडियारी।** प्रयागराज ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाऐ जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार के निर्देशन का पालन करते हुए एवं क्षेत्राधिकारी मेजा के निकट पर्यवेक्षण में व थाना अध्यक्ष बैकुंठ नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में खीरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम धोबहट में मारपीट व गाली-गलौज के विवाद को लेकर थाना स्थानीय पर एनसीआर नम्बर 19/2022 धारा 323/504 पंजीकृत हुआ था जिसमे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 151/107/116/सी आर पी के तहत न्यायालय भेजा गया ।जानकारी अनुसार तहसील कोरांव के थाना क्षेत्र खीरी के ग्राम पंचायत धोबहट के बब्लू बिन्द पुत्र लक्ष्मण बिन्द व शिवाजी पुत्र रामबिन्द गिरफ्तारी करने वाली टीम एस आईं/यूटी हरिश चन्द्र सिंह,का ,पुत्ती लाल होमगार्ड राजेश्वर प्रसाद सिंह थाना खीरी।

## न्यूज झरोखा

### शोभायात्रा के बाद दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न




**श्रृंगवेरपुर।** रविवार को श्रंगवेरपुर धाम स्थित राम जानकी मंदिर के ऊपर टीले पर नव निर्मित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई ।उसके पहले हनुमान मूर्ती की शोभायात्रा निकाली गई जो कि राम चौरा घाट से शुरू होकर श्रंगवेरपुर घाट पर समाप्त हुई ।जहां मूर्ति को गंगा स्नान कराने के बाद मन्दिर में उसकी प्राण प्रतिष्ठा की गई ।उसके बाद मन्दिर परिसर में भंडरा अयोजित किया गया ।शोभायात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए ।इस दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के ठीक सामने गंगा माँ भी विराजमान है जो कि अपने आप में बड़ा ही विशिष्ट स्वरूप है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री कमल नयन जी महाराज, दंडी स्वामी जी महाराज,राघव दास जी महाराज,नरसिंह नारायण द्विवेदी, यजमान राजेश मालवीय,जय गोविंद मालवीय,दुर्गेश त्रिपाठी, पंकज शुक्ला,सांसद मीडिया प्रभारी भाजपा नेता उमेश तिवारी,हरिकांत मिश्रा,सौरभ श्रीवास्तव,अभिषेक मिश्रा,अमित द्विवेदी,पंकज शुक्ला, रोहित शुक्ला,गुड्डू राजा,सचिन शर्मा,प्रदीप पटेल,बबलू प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विहिप संस्कारशाला में बच्चों को भारतीय परम्पराओं से कराया गया परिचय




**सहसों।** क्षेत्र के बबुराही का पूरा गांव में विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग द्वारा आयोजित श्रीराम संस्कारशाला का रविवार को उद्घाटन किया गया। जिसमें अशोक सिंघल मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से संचालित संस्कारशाला में नौनिहाल बच्चों को भारतीय परम्परा, भारतीय संस्कृति एवं भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचय कराया गया। इस अवसर पर संस्कारशाला का उद्घाटन बतौर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में संस्कारशाला में उपस्थित बच्चों को बताया कि जब तक हमारे देश व समाज के नौनिहाल बच्चों को इस देश की परम्पराओं, देश की संस्कृति एवं देश के गौरवशाली इतिहास के बारे में परिचय नहीं कराया जाएगा तब तक बच्चे सर्वांगीण विकास की ओर उन्मुख नहीं हो सकते इसलिए आज उन्हें भारतीय संस्कृति, परम्पराओं तथा मूल्यों से परिचय कराना अति आवश्यक है जिससे हमारा समाज शिक्षित व संस्कारवान होगा। कार्यक्रम में मौजूद जिला सेवा प्रमुख सुनील कुमार पांडे ने कहा आज शिक्षित और संस्कारित हिन्दू समाज के लिए संस्कारशाला की बहुत ही आवश्यकता है जिसके माध्यम से बच्चों में शिक्षा, स्वास्थ्य व संस्कार तीनों का एक साथ विकास हो सके। जिससे संगठित व संस्कारित समाज तथा राष्ट्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत की प्रस्तुति गई तथा उपस्थित सभी लोग एक साथ भारत माता की आरती किया और जै श्रीराम का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शांति सेवा प्रमुख राकेश जी, प्रखंड सेवा प्रमुख सहसों रविंद्र विश्कर्मा जी तथा ग्राम प्रधान संतोष कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### आदिवासी महिला हत्या कांड का मुलजिम गया जेल

#### हत्या और एस सी एस टी ऐक्ट का मुलजिम है पप्पू पटेल



**कोरांव।** थाना कोरांव के हरडिहा माइनर पर गत दिवस हत्या कर फेंकी गई लाश के आरोपी की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली है और हत्या कांड में उसे जेल भेज दिया। बता दें कि गुड़िया कोल पत्नी राकेश कोल ग्राम सुरैचा निवासी खीरी की रात दो मार्च को उसके प्रेमी रमाकांत उर्फ पप्पू पटेल पुत्र बेचन लाल पटेल ने कोरांव बाजार से बाइक पर बैठाकर रास्ते में हत्या कर दिया। और वहीं नहर के किनारे लाश फेंक दिया। पुलिस ने थाना कोराव में क्राइम नंबर 55/22 धारा 302 एस सी एसटी एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया। चर्चा है कि उक्त कांड में कुछ और लोग थे।

# यूक्रेन से लौटे छात्र का खीरी में किया गया सम्मान



अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** यूक्रेन में एमबीबीएस का फीस कम है । जिसके कारण कोरांव तहसील क्षेत्र के गजनी, भगेसर निवासी एक किसान राकेश कुमार सिंह पटेल ने अपने इकलौता पुत्र संदीप कुमार सिंह पटेल को 4दिसंबर 21को अपने देश से यूक्रेन भेज दिये थे ।लेकिन वर्तमान समय में यूक्रेन में हालात बिगड़ा हुआ है ।जिसके कारण संदीप को अपनी पढ़ाई छोड़ कर वापस अपने वतन भारत लौटना पड़ा। संदीप सरदार पटेल इंटर कालेज से इंटर का पढ़ाई करने के पश्चात नीट परीक्षा पास के बाद यूक्रेन जाने हेतु बन गया था । उसने बताया कि अपने देश में एमबीबीएस की पूरी पढ़ाई करने की फीस लगभग एक करोड़ है जबकि यूक्रेन में बत्तीश लाख ही है । मुझे यूक्रेन में विन्निस्त्या नेशनल पाइरो गवर्मेंट मेडिकल यूनिवर्सिटी में दाखिला मिला था ।पढ़ाई सभी तरह से ठीक चल रहा था । अचानक यूक्रेन में युद्ध होने लगा ।वहां प्रशासन कमजोर हो गया । हास्टल से हम सभी को कालेज यह कहते हुए बुलाया गया कि यहां पर आप सब सुरक्षित रह सकते हैं। यूक्रेन में इस समय बर्फ भारी हो रही है,छात्रों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ।लेकिन भय के कारण हम सब भारतीय तिरंगा लगे हुए बस से रोमानिया का राजधानी बुचारेस्ट पहुंचा ।तिरंगा लगे हुए वाहन को रूस के सैनिक सम्मान करते हुए आगे जाने दे रहे थे। अपने पिता राकेश कुमार सिंह पटेल के कहने पर ओमकार नाथ केशरवानी भाजपा नेता निवासी खीरी से मिलने पहुंचा ।ओमकार नाथ केशरवानी हमारे पिता जी के नजदीकी मित्र है ।इनके द्वारा वर्तमान सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहूलियत की जानकारी मिलने मन में खुशी हो रही थी। कि हम अपने देश भारत पहुंच जाऊंगा । संदीप कुमार सिंह पटेल के खीरी आगमन पर आयोजित सम्मान समारोह में खीरी छेत्र से जिला पंचायत सदस्य कुशुम केशवानी ने साल भेट कर समन्नित किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य ने कहीं कि अगर देश में मोदी है तो सब कुछ संभव है। मौके पर नंदू शुक्ला,अशोक पांडेय,जगदीश केशरवानी ,महेश केशरवानी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### यूक्रेन संकट से जूझते हुए घर पहुंचा शिक्षक का बेटा, घरवालों ने तिलक लगाकर किया स्वागत



**शंकरगढ़।** यूक्रेन में फंसे छात्र-छात्राओं का जनपद में पहुंचना लगातार जारी है। इसी कड़ी में यमुनापार के शंकरगढ़ के रहने वाले राजप्रताप सिंह की भी घर वापसी हो गई है। बेटे को घर की ड्योढ़ी पर देख परिजनों की आंखें नम हो गईं। तिलक लगाकर बेटे की आगवानी। बेटे की सकुशल वापसी को घरवालों ने दीपावली की तरह सेलीब्रेट किया। यमुनापार के राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ में बतौर शिक्षक कार्यरत अर्जुन सिंह तोमर का बेटा राज प्रताप सिंह भी यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। वह भी रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में फंस गया था। शिक्षक अर्जुन सिंह तोमर से गुरुवार को तहसीलदार गणेश सिंह ने घर जाकर मुलाकात की थी। सकुशल घर पहुंचे बेटे राज प्रताप सिंह ने बताया कि 24 फरवरी की भोर में उसकी और उसके दोस्तों की नींद अचानक तब टूटी, जब जोरदार धमाके होने लगे। थोड़ी ही देर में हास्टल के गार्ड ने रूस के द्वारा यूक्रेन पर अटैक किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद दो दिन तक राजप्रताप सिंह अपने दोस्तों के साथ सुरक्षित स्थान पर रहा। फिर किसी तरह वहां से निकलकर लवीव पहुंचा। यहां भी राजप्रताप की दुश्वारियां कम नहीं हुईं और तमाम समस्याओं, दिक्कतों का सामना करते हुए अंततः वह पोलैंड पहुंचने में सफल रहा। राजप्रताप के मुताबिक पोलैंड तक पहुंचने के लिए उसे कई किलोमीटर पैदल सफर भी करना पड़ा। पोलैंड में एक दिन के स्टे के बाद तीन मार्च को उसने आईजीआई दिल्ली के लिए उड़ान भरी और बारह घंटेकी जर्नी के बाद दिल्ली पहुंचा। फिलहाल बेटे की सकुशल घरवापसी पर परिवार वाले बेहद खुश हैं।



सपा मुखिया के पक्ष में नारे लगाते प्रतियोगी छात्र

## प्रतियोगी छात्रों ने जंक्शन पर सपा मुखिया के पक्ष में लगाए नारे

### सपा मुखिया अखिलेश ने किया ट्वीट

**प्रयागराज।** प्रतियोगी छात्रों ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर जमकर नारेबाजी की। प्रतियोगी छात्र भाजपा सरकार पर नौजवानों के साथ अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। सातवें और अंतिम चरण के लिए 54 विधानसभा सीटों पर मतदान सोमवार को होने हैंरेलवे एनटीपीसी के परीक्षा परिणाम में अनियमितता का आरोप लगाने वाले छात्रों पर कुछ दिन पहले लाठीचार्ज किया गया था। इसको लेकर अभ्यर्थी भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके की नजाकत भांपते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी अभ्यर्थियों का समर्थन करते हुए ट्वीट किया है। सातवें चरण में भदोही, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र, आजमगढ़ और मऊ सहित कई जिलों की 54 विधानसभा सीटों पर सोमवार को वोट डाले जाने हैं। छात्र अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। यह आंदोलन बीजेपी के खिलाफ माना जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर छात्रों का समर्थन कर दिया है। उनका ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है। अखिलेश ने ट्वीट में लिखा पांच साल नौकरी का अब और न इंतजार होगा, उत्तर प्रदेश में भाजपा को हटाने के लिए इंकलाब होगा।

# नव युवक संघ जगतपुर की टीम ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

अखंड भारत संदेश


**मेजा रोड।** डिस्ट्रिक्ट वालीबॉल एसोसिएशन,प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय सरदार पटेल क्लब बरहा कलां (मांडा) के सौजन्य से बरहा कलां के खेल मैदान पर अंतर जनपदीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मैच का मुकाबला नव युवक संघ जगतपुर (गंगापार) और अरई आदर्श क्लब मेजा (यमुनापार) के बीच हुआ। जिसमें नव युवक संघ जगतपुर (गंगापार) की टीम ने अरई आदर्श क्लब मेजा (यमुनापार) की टीम को सीधे दोनों सेटों में 25-21 और 25-23 अंकों से हराकर अंतर जनपदीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की शील्ड जीत ली। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल के मैचों में अरई आदर्श क्लब मेजा ने सरदार पटेल क्लब बरहा कलां की टीम को 25-23 और 25-22 अंकों से हराकर तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में नव युवक संघ जगतपुर की टीम ने वॉलीबाल क्लब गोगांव की टीम को 25-19 और 25-22 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। पूर्व प्रधान जय नारायण विश्वकर्मा ने क्रमशः विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व पुरस्कार वितरित किया।

### बरहा कलां में अंतर जनपदीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न



ट्राफी के साथ मौजूद खिलाड़ी

डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने सभी खिलाड़ियों व आयोजन समिति के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन गुलाम मुस्तफा ने किया और पूरे टूनामेंट की कमेंट्री प्रस्तुत की। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम नव युवक संघ जगतपुर को 5100 रुपया तथा उपविजेता टीम अरई आदर्श क्लब मेजा को 3100 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन समिति की ओर से योगेंद्र पटेल ने आये हुए समस्त अतिथियों का स्वागत किया। उक्त अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अजय पटेल, जय प्रकाश, राजेंद्र पटेल, सूरज पटेल, रामरक्षा पटेल प्रवक्ता, भाजपा नेता मोहित मिश्रा, रूद्र तिवारी, विष्णु प्रकाश, कुलदीप सिंह, रमेश, हेमंत तिवारी आदि ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।




### फिल्म आलिंगन का ट्रेलर आज होगा रिलीज

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर खुर्द गाँव निवासी फिल्म पटकथा लेखक धीरज मिश्रा बतौर निर्देशक पहली फिल्म 'आलिंगन' का निर्देशन कर रहे जिसका ट्रेलर आज रिलीज किया जा रहा है ।निर्देशक धीरज मिश्रा ने फिल्म की कहानी बारे में बताते हुए कहा फिल्म में नायक जीवन से जुड़े कई सवालों के जवाब के लिए एक यात्रा पर पर निकलता है जिस यात्रा में उसे बहुत से लोग और सवालों का जवाब मिलता ।फिल्म पटकथा भी धीरज मिश्रा और उनकी पत्नी यशोमति देवी ने मिलकर लिखी है ।फिल्म का निर्माण ग्रांड नेशनल मूवीज के बैनर तले हुआ है ।शूटिंग के बारे में बताते हुए धीरज मिश्रा ने कहा मिजार्पुर,प्रयागराज के विभिन्न लोकेशन के साथ वाराणसी, मथुरा, आगरा और कश्मीर में हुई है। फिल्म में मुख्य भूमिका में तुषार पुरवार, अनिल रस्तोगी, अखिलेश जैन, विवेक आंनद मिश्रा, प्रशांत राय, प्रीति चेस्टा और हिरल आचार्य ने निभाई है ।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित जय जवान, जय किसान हिंदी फिल्म के स्क्रिप्ट राइटर के तौर पर बालीवुड में कदम रखा और इसी फिल्म ने धीरज मिश्रा को फिल्म इंडस्ट्री में पहचान मिली उसके बाद कई देशभक्ति फिल्मों की पटकथा लिखकर फिल्म इंडस्ट्री में खुद को स्थापित कर लिया ।धीरज मिश्रा कहते है उन्हें गाँव बहुत पसंद है ।फिल्मों में व्यस्तता के बीच उन्हें जब भी समय मिलता है गाँव आ जाते है वह कहते गाँव की हरियाली और वातावरण उन्हें बहुत भाता है यहाँ कुछ भी बनावटीपन नही है।

## अंगूठा लगाने के बाद भी किसानों के धान का नहीं हुआ भुगतान किसान परेशान

### मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड क्रय केंद्र कोरांव का मामला

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के उपमंडी तरांव कोरांव में मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा खोले गए क्रय केंद्र पर तौली गई धान का किसानों के खातों में अभी तक भुगतान न होने से किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कोराव उपमंडी के क्रय केंद्र पर तकरीबन 87 किसानों के द्वारा लगभग चार हजार कुंतल धान क्रय की गई है। किन्तु किसी भी किसान के खाते में अभी तक धान के पैसे का भुगतान नहीं किया गया है। कृषको में प्रदीप सिंह, अनीता देवी, वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद गौस, अजहर, रुखसाना बेगम, राजकुमारी, अनीता देवी, अशोक कुमार, संतोष कुमार पांडेय समेत कई किसानों ने कहा कि इस समय शादी विवाह एवं बच्चों के पढ़ाई लिखाई के लिए किसानों को पैसे की सख्त आवश्यकता है, किंतु किसान अपनी गाढ़ी कमाई बेचने के बाद पैसे के लिए लालायित दिख रहा है। इसी प्रकार कोरांव तहसील क्षेत्र में खुले निजी क्रय एजेंसियों के क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ धोखाधड़ी व मनमानी की जा रही है। बहुतायत किसानों के खातों में अभी तक क्रय की गई धान का पैसा न मिलने से किसान चिंतित व परेशान हैं। मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड क्रय केंद्र पर धान बेंच चुके ।किसानों ने जिलाधिकारी प्रयागराज एवं विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्रय की गई किसानों के धान का शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की है। निजी क्रय एजेंसियों द्वारा खोले गए क्रय केंद्रों पर प्रत्येक वर्ष किसानों के साथ धोखाधड़ी कर वर्ष भर बाद पैसे का भुगतान किया जाता है। जिससे किसानों को विषम समस्याओं से जूझना पड़ता है। किसानों ने क्रय की गई ऊपज का शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की है।

## विद्युत कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार आंदोलन समाप्त

**मेजारोड।** धरनारत विद्युत कर्मचारियों का बकाया मानदेय मिलने के पश्चात कर्मियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार आंदोलन समाप्त हो गया। श्रमिकों का एक माह का बकाया राशि बिजली विभाग की ओर से शनिवार को उनके खाते में पहुंच गया। इसकी सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने आंदोलन वापस ली। विद्युत संविदाकर्मी नेता एससी बहादुर ने कर्मचारियों से कहा कि सभी श्रमिक अपने बिजली उपकेंद्र पर सुचारू रूप से कार्य करने में जुट जाए। बता दें कि जनवरी-फरवरी माह का ईपीएफ के बकाए को लेकर श्रमिकों ने एक दिन पहले पांच मार्च से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की धमकी दी थी।उक्त संबंध में एक्शियन राकेश तिवारी ने बताया कि शनिवार को पेमेंट हो गया, कर्मचारी काम पर लौट आये हैं। उन्होंने बताया कि होली से पहले दूसरा पेमेंट भी कर्मचारियों के खाते में आ जाएगा।

# जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**मेजारोड।** क्षेत्र के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एवं कालेज द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को कराया गया। बता दें कि दुर्गावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विगत 9 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गोशौरा कलां स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एवं कालेज को भी इस मुहिम से जोड़ा गया है। प्रतिवर्ष आयोजित कराए जाने वाली जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के इस आयोजन में ग्रामीणों व शहरी क्षेत्र के 3 से 14 वर्ष के 500 बच्चे शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएचयू के पूर्व कुलपति गिरीश चंद त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि योगेश शुक्ला व पूर्व राज्यमंत्री इंदु प्रकाश मिश्रा रहे। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय के प्रबंधक सुशील मिश्रा व प्रधानाचार्य स्वतंत्र मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि




दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

ने कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल का यह सराहनीय कदम है। हम सब की बात नहीं करते हैं हमें हमारा अधिकार चाहिए यह संपूर्ण वसुंधरा हमारा परिवार है ऋषि मुनियों ने कहा यहां शत्रु के लिए गुरु की भी तारीफ होगी कि हमारा आपका मतभेद हो सकता है लेकिन मतभेद भी विचार को लेकर है समाज का निर्माण तब होगा जो हमारे संस्कार बढ़ेंगे ।विशिष्ट अतिथि योगेश शुक्ला ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमारे अंदर एक साहस पैदा करती हैं ऐसी प्रतियोगिताएं आप को आगे ले जाएंगी। इंदु प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी प्रजाति है जो इतिहास को सजोएं रहती है। बच्चों के अंदर इतिहास को संजोए रखवाने की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नित्यानंद उपाध्याय, प्रेम शंकर शुक्ला, सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, आशीष मिश्रा, पंकज तिवारी, दिलावर सिंह, तुलसी दास तिवारी, मनीष तिवारी, अभिषेक तिवारी, अनूप चंद्र मिश्रा, अमरेंद्र शुक्ला, श्लोक शुक्ला, राहुल द्विवेदी, विनय शुक्ला, राजीव मणि नाथ तिवारी, पप्पू घोरहट सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सुशील मिश्रा व स्वतंत्र मिश्रा ने मौजूद अतिथियों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### घर से बैंक के लिए निकला किशोर हुआ लापता



मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के सोनाई गांव का एक किशोर स्टेट बैंक की मिनी ब्रांच से से पैसा निकालने के लिए घर से निकला था अचानक लापता हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव का जय लाल पटेल लड़का अंकित पटेल 15 वर्ष 5 फरवरी को दोपहर 12 बजे घर से पासबुक और एटीएम कार्ड लेकर कोढ़निया स्टेट बैंक की शाखा मिनी ब्रांच गया हुआ था। लेकिन अंकित पटेल बैंक से कोई लेन-देन नहीं किया जिस बात की पुष्टि तो बैंक मैनेजर ने की है। उसके बाद से अंकित अचानक लापता हो गया परिजनों ने हर संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं उपलब्ध हो पाई। पीड़ित परिजनों ने मीडिया फोटो वाली में तहरीर देख कर बेटे की सकुशल बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई है। वही देखा जाए तो मेजा क्षेत्र में 1 सप्ताह के भीतर कई लड़कों के गुमशुदगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# जिलाधिकारी ने मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश





आजाद पार्क में फूलों व सब्जियों को देखते जिलाधिकारी व अन्य

**प्रयागराज।** राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में दिनांक-05, 06 व 07 मार्च, 2022 को आयोजित मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने अवलोकन किया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी के लेआउट तथा पुष्प कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उद्यान प्रेमियों के पूरे वर्षों की मेहनत का परिणाम होता है। ये वर्ष भर मेहनत कर फूल व फल के पौधे तैयार करते हैं ऐसी प्रतियोगिता होने से आम जनमानस का प्रकृति के प्रति रूझान बढ़ता है। प्रदर्शनी में इस वर्ष फोटोग्राफी एवं पेन्टिंग को सम्मिलित किया जाना प्रदर्शनी के विस्तार का सूचक है। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रकृति की ओर आकर्षित करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में लोगों को प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु अनुरोध किया मनुष्य में फूलों की खुशबू एवं उनके रंगों से ऊर्जा बढ़ती है ऐसे में इस प्रदर्शनी को बच्चों को अवश्य दिखाना चाहिये। औद्यानिक फसलों पर किये गये कार्यों के परिणाम काफी समय बाद दिखायी देते हैं। अतः इसके लिए निरन्तर प्रयास किये जाने की जरूरत होती है। फूलों को सुन्दर बनाने के लिए उद्यान प्रेमी काफी दिनों तक मेहनत करते हैं इसके परिणाम है कि आज यह फूलों की घाटी चन्द्रशेखर आजाद पार्क, का बैण्ड स्टैण्ड अपनी सुन्दरता के लिए लोगों का मन अपनी ओर खिचता है।इस प्रदर्शनी को कुल-27 भागों में विभक्त किया गया था। जिसमें कुल-437 प्रतियोगियों ने 2640 प्रविष्टियॉ प्रदर्शनी में लगायी। इसमें गमलों में मौसमी फूल, जैसे, जेरेनियम,फ्लाक्स, बरवीना, डहेलिया, कलेडुला, आदि शोभाकार एवं हरे-भरे पौध,कैक्ट्स एवं सकुलेन्ट पौधे, गमलों में सब्जियों के पौधे गुलाब व अन्य पुष्पों के कट फ्लावर, महिलाओं व बच्चों द्वारा निर्मित पुष्प विन्यासध्आकृतियॉ फलों के बने पदार्थ, बोनसाई, शहद, फोटोग्राफी व पेन्टिंग आदि की प्रतियोगितायें की गयी। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रतिदिन आम जनमानस के लिए खुले रहेगी।

## चुनाव ड्यूटी के बाद दोस्त के घर पहुंचा सिपाही, रात को बहन के साथ की छेड़छाड़

**प्रयागराज।** खाकी का दामन एक बार फिर दागदार हो गया। मऊआइमा इलाके में एक सिपाही की बहन के साथ रेप के प्रयास का मामला सामने आया है। छेड़खानी और आबरू लूटने की कोशिश करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका दोस्त दूसरा सिपाही ही है। चुनाव ड्यूटी से लौटने के बाद रात में वह दोस्त के घर पहुंचा और बहन से बदसलूकी की। शोर मचा तो आरोपित सिपाही को पकड़ कर थाने ले जाया गया। मऊआइमा पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन आरोपित सिपाही को थाने से छोड़ दिया। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मऊआइमा के एक गांव के रहने वाले सिपाही की पोस्टिंग हमीरपुर जिले में है। पड़ोस के गांव में रहने वाले सिपाही बृजेश कुमार यादव से उसकी दोस्ती थी। बृजेश की तैनाती फतेहपुर जिले में है। पड़ोसी गांव होने की वजह से दोनों में करीबी रिश्ते हो गए थे। चुनाव ड्यूटी में दोनों साथ गए। ड्यूटी खत्म होने पर गांव लौटे। आरोप है कि बृजेश रात में बाइक से दोस्त सिपाही के घर पहुंच गया। उसने सिपाही की बहन के साथ छेड़खानी की।

## नौ दिन बाद प्रयागराज में कोरोना से एक और मौत

**प्रयागराज।** कोरोना मरीजों की संख्या में भले ही कमी आई हो लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। नौ दिन बाद रविवार को एक और कोरोना मरीज की मौत हो गई। मरीज स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती था जिसकी रविवार की शाम मौत हो गई। कोविड-19 के नोडल ऋषि सहाय ने बताया कि रविवार को कोरोना के केस कम मिले हैं, जबकि 11 मरीजों की कोविड की रिपोर्ट निगेटिव आई है, यह सभी होम आइसोलेशन में ही थे। प्रयागराज में पिछले कुछ माह पहले तक प्रतिदिन आठ से नौ हजार सैंपलों की जांच होती थी लेकिन अब यह संख्या घटकर चार हजार हो गई है। कोविड अस्पताल में भी अब मरीजों की संख्या बिल्कुल न के बराबर है। डॉक्टर अभी भी कोरोना से बचाव की अपील कर रहे हैं। कोरोना के मरीजों की संख्या में कमी तो आई है लेकिन अस्पतालों में कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है। तभी तो अस्पतालों में बिना कोविड टेस्ट रिपोर्ट के कोई भी सर्जरी नहीं की जा रही है।

# प्रसिद्ध वामपंथी श्रमिक नेता कॉम राम सागर को दी गई श्रद्धांजलि



बैठक में शामिल कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जॉनसनगंज भाकपा व एटक जिला कार्यालय पर विगत 28 फरवरी 22 को प्रसिद्ध वामपंथी श्रमिक नेता कॉम रामसागर जी की आकस्मिक निधन हो गया था जिनकी श्रद्धांजलि सभा दिन में 3 बजे आयोजित की गई, जिसमें इलाहाबाद के तमाम केंद्रीय श्रमिक संघठनो, वामपंथी पार्टियों और प्रगतिशील संघठनो, बुद्धिजीवीयो मेहनतकश लोगों ने भागीदारी की,

शोक सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कॉम रामसागर जी छात्र जीवन से ही भाकपा के छात्र एवं युवा संगठन से जुड़ गए थे, और आजीवन भाकपा व एटक के लिए पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे, उन्होंने हमेशा मजदूरों कर्मचारियों के हित में काम किया, पीडब्ल्यूडी से मजदूरों की यूनियन से एक बार जुड़ने के बाद आजीवन जुड़ें रहे, कॉम रामसागर जी की नेतृत्व में इलाहाबाद में कई बड़े आंदोलन हुए, जिसमें चंदशेखर आजाद पार्क में शहीदे आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा लगवाने का एतिहासिक आंदोलन भी शामिल है, कॉम रामसागर जी पीडब्ल्यूडी, बीड़ी, नाविकों, बिजली, निर्माण, स्कीम वर्कर्स आशा, एनआरएचएम, घरेलू मजदूरों सहित एजी ऑफिस, बैंक बीमा, राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्षरत रहें। सभी वक्ताओं ने कहा कि कॉम राम सागर जी 28-29 मार्च 22 को होने वाली राष्ट्रीय आम हड़ताल की आयोजन समिति के संयोजक थे, इसलिए हम सब को मिलकर आम हड़ताल को सफलता पूर्वक सम्पन्न करते हुए उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का संकल्प लेते है, श्रद्धांजलि सभा में अंत में दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई, श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कॉम सुरेंद्र रही और संचालन कॉम भाकपा जिला सचिव कॉम नसीम अंसारी ने किया, श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप से कॉम फूलचंद यादव, कॉम हरिश्चन्द्र द्विवेदी, आंनद मालवीय, सुभाष चंद्र पाण्डेय, डॉ कमल उसरी, रवि मिश्रा, आर पी कैथल अनिल वर्मा, जवाहरलाल विश्वकर्मा, अखिल विकल्प, सुधांशु मालवीय, कृपाशंकर श्रीवास्तव, परवेज रिजवी, मुस्तकीम अहमद, विशम्भर पटेल,घनश्याम मौर्या, मुन्ना मजदूर, फरमान रजा, जफर, अन्नू सिंह, त्रिलोकी पटेल, देवानन्द, प्रदीप ओबामा, अयोध्या कोल, समर सिंह, शीतला प्रसाद इत्यादि लोग शामिल रहे।

**एनसीजेडसीसी में लोकगीतों से सजी शाम**

# सांवरी सूरत पर मोहन दिल दीवाना हो गया...







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विरह की वेदना हो या फिर खुशी के पल, लोकगीतों में हर पल को समेटने की क्षमता होती है। लोक धुनों से सजे लोकगीत मनभावन के साथ-साथ उद्देश्यपरक भी होते हैं। बगैर लोकगीतों के ह्यलोकन्न की संप्रेषणीयता शून्य हो जाती है और जब नाजुक रिश्तों में किसी बात को रखना हो तो लोकगीतों में उसका कोई जवाब नहीं होता। इसकी खूबसूरत बानगी रविवार की शाम पांच बजे उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) में देखने को मिली। मौका था लोक बयार के आयोजन का, जिसमें स्वर्ग रंगमंडल के लोक कलाकारों मंच को अपनी कला से जीवंत कर दिया। भारत की विभिन्न अंचलों एवं बोली-बानी की अपनी विशेष धुनें हैं जिसमें देवी-देवता, शादी विवाह, तीज त्योहार एवं रीति-रिवाज की बानगी आज के मंच पर देखते ही बनी। आज एनसीजेडसीसी के मंच पर देवी के पचरा गीत निमिया की डारी माई झुलेली झुलुआ... के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद सोहर, बधाई, जनेऊ गीत और विवाह गीतों संग ह्यमोरे अंगना के सोन चिरैया, चिरैया मोरी उड़ी उड़ी रे चली... गीत ने श्रोताओं को भावभीनी स्मृतियों से जोड़ दिया। लोक बयार में गीतों का चयन इस खूबसूरती से किया गया कि बगैर किसी लाग लपेट के दर्शकों की निरंतर तालियां बजती रहीं। लोकगीतों की कर्णप्रिय ध्वनियां और समापन में होली गीत सांवरी सूरत पर मोहन दिल दीवाना हो गया और लोकनृत्य की सतरंगी छटा दर्शकों को लुभाती रही। कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि सात मार्च को 4:30 बजे स्वर्ग रंगमंडल के कलाकारों द्वारा मुंशी प्रेमचंद लिखित नौटंकी पंच परमेश्वर का मंचन किया जाएगा।

# जेस्ट 2022 डिप्लोमा के प्रतिभागी छात्रों को प्रबंधन की ओर से किया गया सम्मानित




अखंड भारत संदेस

**करछना।** के बेन्दौ गांव स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट आंफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्रों ने जेस्ट 2022 के प्रतियोगिता के कार्यक्रम में अव्वल रहे। अव्वल रहे डिप्लोमा के प्रतिभागी छात्रों को शनिवार को कालेज प्रबंधन की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। गौरतलब है कि यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की ओर से गुरुवार को आयोजित जेस्ट 2022 प्रतियोगिता के कार्यक्रम में प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बेन्दौ के 55 इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें अभिज्ञान, आविष्कार और प्रस्तुति में प्रतियोगिता आयोजित हुई। अभिज्ञान की प्रतियोगिता में हरिओम बिंद प्रथम अंकु त्रिपाठी द्वितीय और मोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आविष्कार की प्रतियोगिता में आदित्य केशरवानी को पहला शिव कैलाश पटेल को दूसरा और आकाश राज द्विवेदी को तीसरा स्थान मिला। वही प्रस्तुति की प्रतियोगिता में पीयूष सिंह पहला शुभम कुमार और सुमित पांडेय क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इन सभी को वायरलेस ब्लूटूथ स्पीकर ब्लूटूथ हेडसेट और पावर बैंक गिफ्ट दिया गया। इस मौके पर मौजूद रहे प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बेन्दौ के सचिव विकास सिंह निदेशक डॉ एससी तिवारी रजिस्टार आशीष तिवारी मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल के आशुतोष तिवारी एवं वीरेंद्र सिंह ने छात्रों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम को मिस सुप्रिया श्रीवास्तव एवं मिस्टर प्रेमचन्द्र द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

# नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



मासिक बैठक में शामिल नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी

**प्रयागराज।** नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गंगापार इकाई की मासिक बैठक रविवार को अंदावा जैन मंदिर के प्रवचन हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार आरपी शर्मा ने किया। बैठक में संगठन के प्रयागराज जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी पत्रकार साथियों का स्वागत करते हुए संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजेंद्र सिंह ने नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन से जुड़े पत्रकार साथियों से बेहतर संगठनात्मक कार्य की अपेक्षा करते हुए संगठन विस्तार पर बल दिया। प्रयागराज जिला उपाध्यक्ष डॉ महमूद आलम ने तहसील फूलपुर, हंडिया और सोरांव इकाई शीघ्र गठन हेतु विचार व्यक्त किए। डॉ महमूद ने 15 मार्च तक संगठन का परिचय पत्र वितरण करने हेतु प्रतिबद्धता दोहराई है। संगठन से जुड़े पत्रकार साथियों से शीघ्र ही आवश्यक दस्तावेज शुल्क के साथ जमा करने की अपील भी की है। गंगापार जिलाध्यक्ष शाश्वत ने संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों से पूरी कर्मठता जुटने की अपील की है। जिलाध्यक्ष ने मासिक बैठकों में सभी सदस्यों से नियमित भाग लेने तथा संगठन में ईमानदार एवं कर्मठ लोगों को ही जोड़ने पर बल दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बबोधन में आरपी शर्मा ने कहा कि आगे की बैठकों में सभी लोग निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखें। गंगापार जिला प्रवक्ता मोहित निषाद ने संगठन का बैनर और लेटरपैड प्रिंट कराने का सुझाव दिया। बैठक में शामिल दो नए सदस्यों अवधेश कुमार यादव व रजनीश यादव का स्वागत करते हुए गंगापार जिलाध्यक्ष शाश्वत ने सदस्यता ग्रहण कराया। बैठक में गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह, गंगापार कोषाध्यक्ष मो. अय्याज, फूलपुर तहसील उपाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, महासचिव चंद्रशेखर सिंह, मोहित कुमार निषाद जिला प्रवक्ता, महानगर इकाई से अनुराग पटेल, रजनीश यादव आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## हत्या मामले में अतीक को झटका, जमानत याचिका खारिज

**प्रयागराज।** वर्ष 2016 में सूबेदारगंज स्थित टैंक डिपो के पास जितेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना की हुई हत्या के मामले में पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद की जमानत अर्जी विशेष न्यायालय एमपीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए याची जमानत पाने का हकदार नहीं है।लिहाजा, जमानत अर्जी खारिज किए जाने योग्य है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए कोर्ट डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार वैश्य और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह को सुनकर दिया।अभियोजन के अनुसार सूरज कली की ओर से 11 जुलाई 2016 को धूमनगंज में अपने पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना की हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उसका आरोप था कि मकान को लेकर उसका विवाद जयंतीपुर निवासी कृष्ण कुमार पाल उर्फ उमेश पाल से चल रहा था। मामले में सिविल न्यायालय में मुकदमा विचारधीन था '

**मुकदमे में पैरवी करने पर हत्या का आरोप :** उसका बेटा जितेंद्र कुमार मुकदमे की पैरवी कर रहा था। लेकिन विरोधी पक्ष की ओर से लगातार उसे मुकदमे की पैरवी न करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। 11 जुलाई 2016 को उसका बेटा जितेंद्र कुमार मुकदमे की पैरवी के बाद राजरूपपुर से होते हुए एनसीआर जा रहा था। रास्ते में सूबेदारगंज में टैंक डिपो के पास कृष्ण कुमार का भाई रमेश पाल और अशरफ पुत्र मकूल हटवा निवासी ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

**विवेचना के दौरान आया पूर्व सांसद का नाम :** मामले में पुलिस की विवेचना के दौरान पूर्व सांसद अतीक का नाम भी सामने आया। पुलिस ने अतीक को भी हत्या में अभियुक्त बना लिया। याची की ओर से कोर्ट के समक्ष तर्क दिया गया कि याची पूर्व सांसद व कई बार विधायक रहा है। उसे मामले में सियासी रंजिशवश फंसाया गया है। मामले में विवेचक द्वारा वीरेंद्र यादव व सूरज पाल के बयान के बाद याची का नाम जोड़ा गया। याची मामले में पूरी तरह निर्दोष है।अभियोजन की ओर से तर्क दिया गया कि याची के खिलाफ 47 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके द्वारा किया गया अपराध गंभीर प्रकृति का है। अदालत ने कहा कि याची पर मुकदमे की पैरवी न करने की बात को लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर हमला करने का आरोप है। आरोप पत्र अभियुक्त के खिलाफ पेश किया गया है। लिहाजा वह जमानत पाने का हकदार नहीं है।

# बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षक निभायें भूमिका : डॉ राकेश धर त्रिपाठी



**जंघई।** राजबली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल महरछा के प्रथम वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री एवं एनडीए गठबंधन प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे डॉ राकेश धर त्रिपाठी द्वारा विद्यालय परिसर में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर के किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीणांचल में इस तरह सीबीएसई पैटर्न माडर्न शिक्षा मिलना सौभाग्य की बात है। पहले की शिक्षा और अब की शिक्षा में बहुत बदलाव आ चुका है समय के साथ-साथ हम सबको बदलाव लाना जरूरी है ताकि बच्चों को अच्छी एवं उच्चीकृत शिक्षा मिल सके। स्कूल के बच्चे पढ़-लिख कर आगे बढ़े और देश में नाम रोशन करे, मेरी बच्चों के प्रति यही शुभकामना है। उन्होंने कहा कि अभिभावक, शिक्षक स्कूल को आगे बढ़ाने व बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी-अपनी भूमिका निभाये। बोले कि प्रशासन के स्तर से जो भी सहयोग संभव होगा इस विद्यालय को देने के लिए मैं तैयार हूं मेरी शुभकामना है कि यह विद्यालय और फले-फूले, विद्यालय के बच्चे पढ़-लिख कर उंचे पद पर आसीन हो।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के मुख्य ट्रस्टी उमेश प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं और बच्चों पर ही देश का भविष्य टिका है। बच्चे पढ़ लिख कर अच्छा करें, यही मेरी शुभकामना है निराश्रित असहाय बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए इसके लिए मैं पूरा प्रयास करूंगा।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाया।अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक सौरभ सिंह, ट्रस्टी रुबेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, सुप्रिया सिंह, अल्का सिंह, आशुतोष सिंह एवं प्राचार्य अखिलेश पांडेय, प्रधानाचार्य रुचिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।इस अवसर पर संस्थापक राजबली सिंह, राजदुलारी सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों में डॉ पंकज त्रिपाठी, बुलबुल त्रिपाठी पूर्व प्रमुख अशोक तिवारी, ललित उपाध्याय, चंद्रशेखर मिश्रा, अवधेश शुक्ला, चंचल शुक्ला, संतोष पांडेय, हर्षित त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, अशोक शुक्ला, सीताराम तिवारी, राधे मोहन पांडेय, विकास इलाहाबादी, अशोक पांडेय, संदीप पांडेय आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन मिलेगा प्रमुख सचिव श्रम से

अखंड भारत संदेश

**श्रम अधिकारियों द्वारा श्रमिकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : त्रिपाठी**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के साथ किए जा रहे शोषण और मनमानी किए जाने तथा सेटिंग सिस्टम के तहत योजनाओं के आवेदन पास किए जाने तथा सिस्टम के बाहर वाले श्रमिको के आवेदन अपात्र कर कर निरस्त किए जाने की निंदा करते हुए ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध प्रमुख सचिव श्रम लखनऊ तथा प्रदेश के श्रमायुक्त कानपुर से मिल कर प्रतिनिधि मंडल स्वीकृत और अस्वीकृत आवेदन पत्रों की जांच की मांग करेगा। यदि इसके बावजूद सुना नहीं गया तो सीधे उच्च न्यायालय में एक रिट जनहित में दाखिल की जाएगी। उक्त जानकारी प्रेस प्रतिनिधि को संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने दी।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रयागराज में सरकार ने जगह जगह शिविर लगा कर श्रमिकों का पंजीयन कार्ड बनवाया है। और पुराने श्रम कार्ड धारकों का श्रमिक कार्ड नवीनीकरण भी किया है। जिसके तहत गरीब श्रमिकों ने पुत्री विवाह अनुदान और अन्य योजनाओं का आवेदन दो दो साल से ऑनलाइन और ऑफलाइन जमा किया है। किंतु सेटिंग सिस्टम वालों के आवेदन सारे नियम कानून को ताक पर रख कर स्वीकृत किया जा रहा है,और सुविधा शुल्क न दिए जाने वालों या मुंह मांगी रकम न दिए जाने वाले श्रमिकों के आवेदन पेंडिंग में रख दिए गए या कुरेदान में फेंक दिए गए अथवा कागज की कमी दिखा कर आवेदन निरस्त कर दिए जा रहे हैं। ऐसा आरोप श्रमिकों ने तथा कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने लगाए हैं। जिस पर संगठन अमल करते हुए पंचायतीराज में प्रदत्त अधिकारों प्राविधानों नियम के आधार पर एक्शन लेते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलेगा।

दरअसल श्रम विभाग द्वारा बनाए जा रहे श्रमिक पहचान पत्र उन्ही के बनते हैं जिनके पास या तो मनरेगा जॉब कार्ड हो या और भी कहीं निर्माण कार्य स्थलों पर कुल चालिस किस्म के निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य करते हों। जिसमे कुछ श्रमिकों के पास मनरेगा जॉब कार्ड होते हैं तो कुछ के पास कार्य के प्रमाण पत्र नहीं होते हैं। काफी श्रमिक विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों पर दिहाड़ी मजदूरी करते हैं कुछ श्रमिक जहां जहां कार्य होता है लोग बुलाते हैं वहा वहां जा कर कार्य करते हैं। इसी आधार पर सरकार ने स्व घोषणा पत्र के आधार पर श्रमिक कार्ड शिविर लगा लगा कर बनवा रही है। किंतु वहीं जब श्रमिक पुत्री अनुदान या।मातृत्व शिशु हित लाभ आदि योजनाओं का फॉर्म भरते है तो श्रम अधिकारी मनरेगा जॉब कार्ड में काम न अंकित होने वाले या कार्य मानव दिवस कम किए जाने या फिर कार्य का कोई प्रमाण पत्र न दिए जाने पर आवेदन निरस्त कर दिए जा रहे हैं। इस तरह श्रमिकों का शोषण है। अगर सरकार श्रम विभाग घोषणा पत्र पर कार्य का प्रमाण पत्र मन कर विश्वास करके कार्ड बनाती है तो योजना के आवेदन फॉर्म क्यों यह कह कर निरस्त कर रहे की कार्य का प्रमाण नहीं है। या उक्त अमुक व्यक्ति,महिला श्रमिक नहीं है। सरकार को ऐसे कार्ड तब बनाए ही क्यों जा रहे। श्रम विभाग द्वारा एक और मामला श्रमिकों के अहित में किए जाने की शिकायतें प्रकाश में आई हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्ट्राचार और अंकुश लगाने के लिए ऑफलाइन योजना के फॉर्म कार्यालयों में लेना बंद कर दिया है। अब सीधे ऑनलाइन योजनाओं के फार्म जांच कर लाभार्थियों को लाभ दिए जाने की व्यवस्था की गई है। जिस कारण हजारों आवेदन फॉर्म योजनाओं के श्रम विभाग के बेवसाइट पर ऑनलाइन हो चुकी हैं। किंतु सुनने में आया है कि श्रम अधिकारी ऑनलाइन आवेदनों की जांच न करके यह कह कर फॉर्म रिजेक्ट कर दे रहे हैं कि रिकॉर्ड नहीं है। यानी ऑनलाइन आवेदनों की कोई वैल्यू नहीं है। जो श्रमिकों के साथ सीधे अन्याय है। और सरकार के प्राविधानों का उल्लंघन है। श्रमिकों का रोना है कि श्रम अधिकारी योजना का फॉर्म भरते हैं और जांच के समय अधिकारी कार्य का अरमान पत्र मांगते हैं। जिनके पास मनरेगा जॉब कार्ड है दिखा देते हैं। जिनके पास नहीं है तो कौन सा प्रमाण दें। और सभी श्रमिकों को किसी भी ग्राम पंचायतों में कार्य भी नहीं दिया जा सकता और न ही सरकार इतना कार्य करने के लिए पंचायतों को धन देती है। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी से पूंछा गया तो उन्होंने उत्तर दिया कि ग्राम पंचायतों के पास कार्य गांव के विकास हेतु बहुत है। किंतु सरकार की ऐसी व्यवस्था हैं कि सभी मजदूरों को एक साथ कार्य दिया जाना असंभव है। अगर सरकार यह अधिकार पंचायतों को दे खाश तौर से मनरेगा योजना में कि जितने श्रमिक हैं गांवों में उनके कार्य की कोई सीमा न निर्धारित करे तो साल में कुल नब्बे दिन ही नहीं बारहों मास कार्य मजदूरों को दिया जा सकता है। इसी कारण समग्र विकास गांवों का पंचायतें अपने हिसाब से नहीं कर पा रहीं। न सभी को काम दिया जा सक रहा। इस तरह श्रमिकों का शोषण है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

## कारागार में निरुद्ध बंदियों को दी गई विधिक जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर राजेन्द्र प्रसाद चैधरी द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में 1120 बन्दी निरूद्ध है जिसमें 966 विचाराधीन बन्दी है, इसमें महिला 24 तथा 891 पुरूष बन्दी शामिल है। सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 130 बतायी गयी जिसमें 06 महिला बन्दी व 124 पुरूष बन्दी शामिल है।

जेल अस्पताल में कुल 08 बन्दियों का उपचार चल रहा है, 05 बन्दी पृथक वास में निरूद्ध है। जेल परिसर से बाहर बने अस्थायी कारागार में 11 बन्दी निरूद्ध बताये गये। जिला कारागार में कोई बन्दी कोरोना पाजिटिव नही है, जिला कारागार को पूरी तरह से सेनेटाइज कराया जा चुका है। जेल में बन्दियों के लिये कोरोना जांच की व्यवस्था है। जिला कारागार में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को कोरोना की बूस्टर डोज लगा दी गयी है। इस अवसर पर सचिव द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों को उनके अधिकारों एवं प्लीबारगेनिंग के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा किशोर बन्दियों को उनके अधिकार एवं जमानत के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा जानकारी दी गयी कि जेल में निरूद्ध सभी सिद्धदोष बन्दियों की अपील हो चुकी है जो सम्बन्धित न्यायालयों में विचाराधीन है। जेल निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला कारागार की प्रतिदिन साफ-सफाई कराने के साथ-साथ सेनेटाइज कराया जाये, जेल में स्थापित लीगल एण्ड क्लीनिक को नियमित रूप से संचालित करते हुये अभिलेखों को दुरूस्त किया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप से प्राप्त करके लीगल एण्ड क्लीनिक में नामित पी0एल0वी0 के माध्यम से रजिस्टर में अंकित करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ कार्यालय को प्रेषित किया जाये। इस अवसर पर उप जेलर सुनील कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

## जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 मार्च के सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में बैठक की गयी। जिला जज ने सभी प्रशासनिक नोडल अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी शिव चरन लाल द्विवेदी उपस्थित रहे।

## यूक्रेन से वापस अपने घर परियावां पहुचे शहनवाज

अखंड भारत संदेश



अपने परिजनों के बीच शहनवाज।

**परियावां, प्रतापगढ़।** यूक्रेन की राजधानी कीव में दिसम्बर 2019 में एमबीबीएस की तैयारी करने गए शहनवाज पुत्र मो0 शमीम मंसूरी यूक्रेन व रूस की बमबारी धमाकों के बीच छिड़ी जंग में यूक्रेन की राजधानी के कालेज के नेशनल मेडिकल हास्टल नं0 7 में अंदर बने बंकर में अपने 832 भारतीय छात्रों के साथ फंसे रह गए। रविवार को दोपहर एक बजे अपने घर परियावां पहुचने पर परिजनों मे खुशी के आंसू छलक पड़े। शहनवाज जब वहाँ के हालात के बारे में पूछा गया तो बताया कि हम सभी 832 छात्र हास्टल के नीचे सेफ बंकर में रह रहे थे 27 फरवरी की हालात बहुत खराब हो गए थे। यूक्रेन के लोग भी हथियार लेकर रूस की सेना के सामने खड़े हो गए तो कुछ हद तक राहत मिली। रविवार की सुबह साढ़े बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुचे जहाॅ से डोमेस्टिक फ्लाइट से सुबह 7 बजे लखनऊ पहुचे जहाँ से बस द्वारा अपने घर परियावां एक बजे पहुच गए जहां शहनवाज का पूरा परिवार बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा था सामने शहनवाज को देखकर सभी खुशी से झूम उठे और अपने परवरदिगार का शुक्र गुजार करते हुए शहनवाज को गले से लगा दिया। शहनवाज के घर पहुचते ही आस पास के लोग व इष्ट मित्रो का मिलने का तांता लगा रहा। शहनवाज के यूक्रेन में पढ़ाई करने के लिए जब उनके अब्बू मो0 शमीम मंसूरी से कारण पूछा तो बताया कि हर मां बाप अपने बेटे को अच्छी पढ़ाई कराने के लिए पूरा प्रयास करता है मैने भी वही प्रयास किया। शहनवाज के एमबीबीएस का फोर्थियर वर्ष है जिसमे अभी दो वर्ष बाकी है इंशाअल्लाह चाहेगा तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। इस दौरान सभी की आंखे भावुक हो उठी। बहरहाल शहनवाज के परिजन लोग अपने बीच शहनवाज को देखकर काफी गदगद है। शहनवाज पूर्व राज्य मंत्री मोहम्मद अनीस मंसूरी का भतीजा है।

## पड़ोसियों ने ईंट पत्थर से किया हमला, तीन जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव में रविवार को जमीनी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने एक परिवार के तीन लोगों पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया जिससे तीन लोग जख्मी हो गए पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव के रहने वाले बृजेश कुमार पुत्र सत्यनारायण ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रविवार के उनके पड़ोसी एक राय होकर उनके दरवाजे पर गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारने पीटने लगे। पीड़ित जान बचाकर घर में भागा तो आरोपी घर में घुस गए और ईट पत्थर मारने लगे बीच-बचाव करने आई उसकी बहन माला तथा माता कौशल्या को भी उन लोगों ने पीटकर जख्मी कर दिया जिससे माला और कौशल्या को गंभीर चोटे आई। आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पीड़ित थाने पहुंचा और वहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया। माला की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला मेडिकल हॉस्पिटल रेफर कर दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## राज नारायण को ब्रह्मदेव जागरण मंच ने दी आर्थिक सहायता

अखंड भारत संदेश

**बाबागंज, प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से बाबागंज ब्लाक के कोटा भवानी गंज स्थित ग्राम दुर्गा राम पाण्डेय का पुरवा में वर्ष 2014 से सड़क दुर्घटना में अपाहिज बन कर जीवन व्यतीत करने को मजबूर राज नारायण पाण्डेय को संगठन के पदाधिकारियों ने उनके घर पर जाकर 40 हजार की आर्थिक सहायता सौंपी।

इस दौरान संगठन के अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने कहा कि बूंद बूंद से घड़ा भरता है। ऐसे में समाज के लोगों के सहयोग से एकत्रित धनराशि के माध्यम से सभी में एकात्मता की भावना का संचार होता है। जिला महामंत्री पंडित वज्रघोष ओझा ने कहा कि अब यह ब्लॉक के लोगों की जिम्मेदारी है कि आगे के लिए इस तरह के मामलों में आपसी सूझबूझ को बढ़ाते हुए स्वयं सहायता देने का काम करें। पीड़ित राज नारायण पाण्डेय चेक पाकर सभी के इस सहयोग के लिए अपना आभार जताया। संचालन संगठन मंत्री श्री प्रकाश दुबे ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पंडित ललित कुमार पाण्डेय उपाध्यक्ष हदयानन्द तिवारी न्याय पंचायत अध्यक्ष हंस राज मिश्र प्रचार मंत्री पंडित अवधेश शुक्ल दीपक मिश्र आदि रहे।

## सेमिनार से मिलती है संस्कार युक्त शिक्षाः डीआईजी

अखंड भारत संदेश

### संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने लोगों का मन मोहा



सेमिनार में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चे

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र त्रिसुंडी पर संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने आर्ट गैलरी,विज्ञान गैलरी,संस्कृत संवाद और मार्शल आर्ट जैसे कई विधाओं का आकर्षक प्रदर्शन कर अर्धसैनिक बल के अधिकारियों और जवानों का मन मोह लिया।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र त्रिसुंडी में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउँगा के बच्चों का सेमिनार हुआ, जिसका शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं का डिबेट, माइक्रो टीचिंग एवं मार्शल आर्ट का प्रदर्शन सराहनीय रहा। डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य ग्रुप केंद्र परिसर में कार्यरत कार्मिकों एवं उनके आश्रितों को संस्कार युक्त शिक्षा देना है। कार्यक्रम में निदेशक संजय सिंह, प्रिंसिपल स्मृति सिंह, विकास सिंह, उप कमांडेंट सुमित कुमार, उमा सिंह, राहुल श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। संचालन अविनाश सिंह व कुमारी दीपिका ने किया।

## महिला के साथ छेड़छाड़ व धमकी का दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को गाँव की महिला के साथ छेड़छाड़, जानलेवा धमकी व गाली गलौज को लेकर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ बलवा, छेड़छाड़ समेत कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बाबूतारा सगरासुन्दरपुर निवासी आलिया खान पत्नी स्व० तौफीक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार की सुबह गांव के संजय वर्मा पुत्र बहुरी, नेवल गिरि पुत्र कलेसर, उदय प्रताप पुत्र रामलाल , सुमन, शीला व तीन अज्ञात लोगों ने उसे लाठी डंडें से मारापीटा। विरोध करने पर आरोपी उदय प्रताप ने बदनीयती से उसका हाथ पकड़ कर उसके कपड़े फाड़ डाले। आरोपियों ने पीड़िता को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## एसपी के आदेश पर दलित उत्पीड़न का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार की रात को एसपी के आदेश पर दलित महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ समेत दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अनेहरा निवासी सुषमा देवी पत्नी सदन सरोज ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते वर्ष सोलह जून को उसकी ननद बकरी चराने गई थी।वहां पहले से घात लगाए हुए गाँव के ही शुभम तिवारी पुत्र जयप्रकाश, सोनू तिवारी पुत्र जय प्रकाश व उमेश पुत्र अज्ञात ने छेड़छाड़ की। आरोपियों ने उसे पकड़कर समीप के खेत में खींच कर ले गए। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ते हुए स्त्रीसूचक गालियां दी। पीड़िता का कहना है उसने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी किन्तु जांच के नाम पर पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया था। इसके बाद पीड़िता ने एसपी से फरियाद की तो पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी सोनू समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दुष्कर्म के प्रयास मे तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुकवार की शाम बहन को टैंपो पर बैठा कर घर लौटते समय किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास मे तीन आरोपियों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया गया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पिचूरा नउवन का पुरवा निवासी मंजू पुत्री धर्मदास ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि चार मार्च को वह अपनी बड़ी बहन तथा बच्चों को टेम्पो पर बैठाने के लिए अमावां बाजार साईकिल से गई थी। उसके बाद जब वह शाम साढ़े चार बजे घर लौट रही थी।जैसे वह पिचूरा पुल पर पहुंची तो वहां पहले से ही घात लगाए गांव के ही आरोपी शिवहरख पुत्र रामवचन , नान्हू सुत मुन्नन एवं बच्चा पुत्र रामदेव ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। आरोपियों ने पीड़िता का जबरिया मुंह दबाकर पुल के नीचे घसीट ले गए। वहां आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया। इस बीच पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचते हुए चीखने चिल्लाने लगी तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया । एसओ सांगीपुर जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बकरी चोर को ग्रामीणों ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के साहब अतेरू निवासी संजय सिंह पुत्र उदय पाल सिंह को रविवार की रात में अर्जुन आतेरू के गांव वालों ने बकरी चुराने के आरोप में पकड़ कर पेड़ में बांधकर जमकर पिटाई की। पिटाई के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि संजय सिंह पेशेवर बकरी चोर है। दो-तीन वर्षों से बकरी चोरी का आरोप लग रहा था। लेकिन पकड़े न जाने पर कोई खुल कर बोल नहीं रहे थे। 2 दिन पूर्व अर्जुन अतेरू गांव के रामकुमार पटेल की बकरी चोरी हो गई थी। धनगढ़ निवासी सुम्मे लाल सोनकर के डेरे पर भी उसी रात बकरी खोल कर ले जाते समय जग जाने पर चोरों को बकरी छोड़कर भागना पड़ा था।

# कैंसर की स्क्रीनिंग कर लोगों का समय रहते करें उपचारः डा0 सुधाकर

अखंड भारत संदेश

### राजा प्रताप बहादुर पार्क में दंत चिकित्सकों की बैठक सम्पन्न



दंत चिकित्सकों की बैठक में मौजूद चिकित्सकगण।

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर पार्क में एक बैठक दंत चिकित्सकों द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सुधाकर सिंह ने किया और अपने सभी दंत चिकित्सकों को ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के लिए बोला गया। यह भी बताया गया कि आप लोग अपनी अपनी क्लीनिक में कैंसर की स्क्रीनिंग करें ताकि समय रहते इसका उपचार समाज के लोग करा सकें।

बैठक में बताया गया कि सोमवार को दोपहर दो बजे शास्त्री सभागार में सीएमओ की अध्यक्षता में एक मीटिंग रखी गई है जिसमें जिले में तैनात सभी दंत चिकित्सक सरकारी और अन्य प्रोग्रामों में जो भी दंत चिकित्सक कार्य कर रहे हैं, उनकी मीटिंग करके उनको समाज में ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के लिए सीएमओ मीटिंग कर रहे हैं क्योंकि गुटके की वजह से समाज में ओरल कैंसर का परसेंटेज 78 प्रतिशत है। इस को ध्यान में रखते हुए कई सारे प्रोग्राम सीएमओ शुरूआत करेंगे जो कि सीएससी लेवल से और आरबीएसके की टीम द्वारा गांव-गांव में जाकर किया जाएगा। यह जानकारी सभी डॉक्टरों को अध्यक्ष द्वारा दी गई और साथ ही यह भी बताया गया है कि हम लोग समाज में कैंसर के बारे में लोगों को जानकारी दें ताकि समय रहते उनकी जान बच सके। इस मीटिंग में सचिव डॉक्टर अजय सिंह द्वारा भी बताया गया कि हम लोग ऐसा प्रोग्राम बना चुके हैं और हेड ऑफिस द्वारा डेंटल अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए पत्र भी आया हुआ है। इस मीटिंग में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ रवि शंकर पांडे, डॉ अनुराग मिश्रा, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉक्टर इम्तियाज, डाक्टर अनवर, डॉक्टर सीमा, डॉ शम्स और डॉक्टर जयंत डॉक्टर, पंकज डॉक्टर शिल्पी गुप्ता और अन्य लोग रहे।

## चोरी के मोबाइल व लैपटॉप के साथ युवक गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को पट्टी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोबाइल और लैपटॉप के एक आरोपी युवक को ढकवा मोड़ से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। पट्टी के उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह अपने हमराही राजू यादव और मनोज यादव के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि बीबीपुर बारडीह में लैपटॉप की चोरी के मामले में युवक मोबाइल और लैपटॉप के साथ जा रहा है। पुलिस वहां पहुंची तो वह सकपका कर भागने लगा। आवश्यक बल प्रयोग करने के बाद पुलिस ने उन्हें पकड़कर पूछताछ किया तो झोले में उनके पास से चोरी का मोबाइल और लैपटॉप बरामद हुआ। उसने अपना नाम महेंद्र मौर्य पुत्र राम अवतार मौर्य निवासी शोभीपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर बताया अन्य आरोपी दिलदार पुत्र रोजन निवासी ग्राम नचरौला थाना आसपुर देवसरा तथा सोनू उर्फ मतीन पुत्र अली राजा निवासी रामगंज भाग निकले पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक धराया

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली पुलिस ने गैर जनपद की एक चोरी की बाइक के साथ पट्टी नहर पुलिया से एक युवक को गिरफ्तार किया। पट्टी कोतवाली के उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह शनिवार शाम लगभग साढे.सात बजे वाहन चेकिंग अभियान चलाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चांदा की तरफ से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। दौड़ाकर उसे पकड़ा गया तो उसने अपना नाम प्रियांशु गुप्ता पुत्र अरविंद गुप्ता निवासी मदनपुर थाना लम्भुआ बताया। उसने यह भी बताया कि उक्त बाइक चोरी की है जिससे वह पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस आरोपी युवक को थाने ले आई है और उसे संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।

# प्रहलाद चरित्र सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोतागण

अखंड भारत संदेश

### स्टेशन रोड पर चल रही भागवत कथा का तीसरा दिन



भागवत कथा कहते पंडित मुरारी श्याम पाण्डेय।

**प्रतापगढ़।** नगर के स्टेशन रोड स्थित शिव भवन होटल में चार फरवरी से चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित मुरारी श्याम पाण्डेय ने जड़ भरत, अज मिलोपाख्यान के साथ ही प्रहलाद चरित्र का मनोहारी चित्रण करते हुए उपस्थित महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों का मन मोह लिया।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। बता दें कि चैक निवासी शिवराम मोदनवाल व समस्त मोदनवाल परिवार की ओर से आयोजित इस संगीतमयी भागवत कथा के आयोजन में बड़ी संख्या में व्यवसायी परिवार तथा चैक से लेकर स्टेशन रोड के भक्तगण इसका भरपूर आनंद उठा रहे हैं। खास बात यह है कि इस भागवत कथा में बुजुर्गों के अलावा बड़ी संख्या में बहू बेटियां अपने बच्चों को लेकर कथा सुनने आ रही हैं। यह कथा प्रतिदिन तीन बजे से सायं साढे. छह बजे तक होगी। इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होता है, तब भक्तगण वहां से उठकर जाते हैं। इस संगीतमयी भागवत कथा का समापन 11 मार्च को प्रसाद वितरण (ब्रहमभोज) के साथ होगा। यह जानकारी भागवत कथा के आयोजक मोदनवाल परिवार की ओर से दी गई।

## अमर सिंह अध्यक्ष व अरविन्द कुमार बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश

### उद्योग व्यापार मण्डल दहिलामऊ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेते पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** शनिवार को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल प्रतापगढ़ द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रतापगढ की दहिलामऊ इकाई द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें दहिलामऊ इकाई के सभी पदाधिकारियों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसमें संरक्षक धर्मराज पाठक, अध्यक्ष अमर सिंह, महामंत्री अरविंद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष मोहम्मद एजाज खान, संगठन मंत्री सत्यम शर्मा, मंत्री सचिन सिंह, को उनकी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और उनके द्वारा व्यापारियों के हित में जो भी कदम उठाने हो वह व्यापारियों के लिये कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह उपस्थित रहे। साथ में जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोबिंद और जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत उपस्थित रहे।

## बन्धक बने मवेशियों के साथ गौ तस्कर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुवापुर के रजवापुर नई बस्ती के पास से शनिवार की बीती रात को एक आम के बाग में दर्जनों की संख्या में क्रूरतापूर्वक पेड़ से बंधे जानवरो के साथ एक गौतस्कर को ग्रामीणों ने पकड़ा, जिसमे ग्रामीणों के मुताबिक पांच गौतस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

ग्रामीणों के पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने बिना नाम लिए बताया कि ठाकुर साहब के बुलाने पर हम लोग आये है जो वीडियो वायरल में मौजूद दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पूछा कि क्या जानवरो को काटने के लिये ले जा रहे थे।

## राष्ट्र उत्थान के लिए शिक्षा ही एकमात्र विकल्पः रामकरन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सुसंस्कारित शिक्षा ही एकमात्र विकल्प है। जिससे राष्ट्र व समाज का उत्थान तथा विकास संभव है। अभिभावकों को चाहिए कि अपने अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उक्त बातें सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर गोबर लरु मे 23 गरीब परिवार के छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दिलाने के दायित्वों का निर्वहन व सभी बच्चों को टिफिन व मिठाई देते हुए बतौर मुख्य अतिथि राजधानी दिल्ली के उद्योगपति रामकरन यादव अपने बेटे डॉ आशित यादव-मोंटी के साथ सभी बच्चों को टिफिन व मिष्ठान वितरित करते हुए अपने संबोधन में उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मेवा लाल यादव, रिटायर्ड सूबेदार छेदी लाल यादव, सेठ बेनी माधव यादव, उदय भान सिंह, प्रेम शंकर गुप्ता, मेवा लाल सोनी, अजय पटेल, रामेश्वर प्रसाद यादव, राज किशोर मिश्रा, शिव मूर्ति तिवारी, प्रदीप कुमार यादव व विनोद कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# क्या 2017 का करिश्मा दोहरा पाएगी भाजपा?

**प्रधानमंत्री** ने अपने रोड शो का अंत काशी विश्वनाथ धाम के पास किया। प्रधानमंत्री ने इसके बाद बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने डमरू भी बजाएं। कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री का यह फामूर्ला 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में थे जहां उन्होंने भव्य रोड शो किया। सातवें चरण में वाराणसी और उसके आसपास के क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश के लिहाज से पूर्वांचल का यह हिस्सा काफी अहम माना जाता है। पूर्वांचल में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी ओर भाजपा के चक्रव्यूह को भेदने के लिए विपक्ष ने भी पूरी तरह से कमर कस ली है। सवाल यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दम पर क्या भाजपा 2017 वाली करिश्मा दोहरा पाएगी? आज की बात करें तो प्रधानमंत्री मोदी ने एक लंबी रोड शो यात्रा निकाली। इस यात्रा में लोगों का भारी भारी जनसैलाब दिखाई दिया। मोदी के रोड शो में मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे। मोदी के रोड शो में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ता डमरु बजा कर प्रधानमंत्री का स्वागत कर रहे थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। वाराणसी की सड़कों पर लाखों की संख्या में लोगों की हुजूम दिखाई दे रही थी। प्रधानमंत्री ने अपने रोड शो का अंत काशी विश्वनाथ धाम के पास किया। प्रधानमंत्री ने इसके बाद बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने डमरू भी बजाएं। कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री का यह फामूर्ला 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिला था। उस दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में 3 दिनों तक रहे थे। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वाराणसी का दौरा कर रहे हैं और आज उन्होंने भव्य रोड शो भी किया।

# बिना प्रलोभन मतदान जरूरी

**दीपक त्यागी**

**भारत** एक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाला देश है, जिसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि देश का राजकाज चलाने के लिए खुद जनता ही चुनावों के माध्यम से अपने-अपने पसंदीदा राजनेताओं के पक्ष में बिना किसी जोर दबाव के पूर्ण स्वतंत्रता के साथ मतदान करके वोटों की ताकत के माध्यम से उनका चयन करती है, वोटों के माध्यम से जनता को मिली देश व प्रदेश का भाग्य विधाता तय करने की यही ताकत ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी है। उस प्रक्रिया का निर्वहन करने के लिए आजकल देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया चल रही है। वैसे भी देखा जाये तो चुनावों का यह समय लोकतांत्रिक व्यवस्था को मानने वाले हमारे देश के लिए एक महापर्व के समान है, जिसके माध्यम से हम लोग अपना आज व अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य तय करने के लिए किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके उसका चयन करते हैं। लेकिन जिस तरह से धीरे-धीरे हम लोगों के रोजमर्रा के व्यवहार व आचरण में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां आती जा रही हैं, उससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था भी अछूती नहीं रही है। आज हालात यह हो गये हैं कि हमारे देश में चंद सत्तालोलुप नेताओं व विभिन्न



प्रलोभन में अपना मत देने वाले चंद वोटरों की क्षणिक स्वार्थी सोच से देश में चुनावों के माध्यम से अच्छे लोगों के चयन की प्रक्रिया प्रभावित होती जा रही है। "चंद लोगों की स्वार्थपूर्ण सोच का प्रभाव हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है, देश में चुनावों के समय कुछ क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के फ्री गिफ्ट, शराब, पैसा आदि के क्षणिक प्रलोभनों में आने के चलते, चंद लोगों के द्वारा मतदान करते समय देश व सभ्य समाज के लिए बेहद घातक भ्रष्टाचारी, अपराधियों व चरित्रहीन जैसे गलत लोगों तक का चयन कर लिया जाता है, जो देश व समाज हित में उचित नहीं है, यह स्थिति हमारे देश के ईमानदार नेताओं व मतदाताओं के हक को प्रलोभनों के दम पर चंद गलत लोगों के द्वारा बंधक बनाने का प्रयास है।" हालांकि देश के चंद राजनेताओं व चंद लोभी मतदाताओं के द्वारा उत्पन्न की जाने वाली यह स्थिति हमारे सभ्य समाज व देश की सबसे बड़ी ताकत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है, चंद दुस्साहसी राजनेता चुनाव आयोग द्वारा तय किये गये नियम कायदे कानूनों के दायरे को तोड़कर चंद मतदाताओं को गुपचुप तरीकों से विभिन्न प्रकार के फ्री के प्रलोभनों को देकर के चुनाव प्रणाली को प्रभावित करके भ्रष्ट व आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों को जितवाने का कार्य कर देते हैं। निष्पक्ष रूप से आकंलन करें तो आज स्थिति यह हो गयी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को देश के चंद भ्रष्ट व अपराधी अपनी आकूत दौलत के बलबूते गिरवी बनाकर रखने का दुस्साहस कर रहे हैं। देश के कुछ अतिमहत्वाकांक्षी लोगों ने राजनीति को समाजसेवा की जगह स्वयंसेवा की सेवा का जरिया बनाकर राज का आनंद लेने का माध्यम बना लिया है, इस लाभ को उठाने के लिए चंद लोग देश व समाज हितों से कदम-कदम पर गड़बड़झाला करके अपना हित साध रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश व समाज के समुचित सर्वांगीण विकास के लिए जनता के द्वारा चुने गये प्रत्याशी का अनमोल योगदान होता है, इसलिए हमारे देश के नीति-निर्माताओं ने चुनावों की प्रथम सीढी ग्राम पंचायत से लेकर के राष्ट्रपति तक के चुनावों के लिए नियम-कायदे-कानूनों को बनाने का कार्य किया था। लेकिन जिस तरह से कुछ राजनीतिक दलों व चंद राजनेताओं ने हर स्तर की सत्ता पाने की हनक में चुनावों में नियम-कायदों-कानून को ठेंगा दिखाकर अपना हद से ज्यादा हस्तक्षेप करना शुरू कर रखा है, यह स्थिति देश-समाज और हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आज के दौर में कुछ बेहद महत्वाकांक्षी भ्रष्ट लोगों के चुनावों में भाग लेने की वजह चुनाव आयोग की सख्ती के बाद भी चुनावों के हालात आकंठ भ्रष्टाचार में डूबने वाले बन गये हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात तब हो जाती है जब चंद मतदाता भी अपना ईमान बेचकर भ्रष्टाचारियों व अपराधियों के पक्ष में मतदान करके उनका चयन कर लेते हैं, इस हालात को देखकर देश के ईमानदार व देशभक्त व्यक्तियों को बहुत ज्यादा अफसोस होता है। जिस तरह से कुछ लोग ताकत के अहंकार में चूर होकर चुनाव प्रक्रिया में जनता के मतों को भी खरीद कर हर हाल में हासिल करना चाहते हैं, यह स्थिति हमारे देश की स्वस्थ्य लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बहुत ही ज्यादा घातक व भयावह है, लेकिन फिर भी देश के बहुत सारे दिग्गज राजनेताओं का इस तरह के भ्रष्ट लोगों को ना जाने क्यों मौन समर्थन है। देश में होने वाले हर स्तर के चुनावों में जिस तरह से धनबल-बाहुबल का उपयोग हो रहा है, वह हमारे सभ्य समाज व देश के नियम-कायदे-कानून के अनुसार बिल्कुल भी उचित नहीं है, देश में किसी भी स्तर की राजनीति के लिए यह माहौल बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

# सत्ता की 'महाभारत' का सातवां द्वार भेदने की तैयारी में महारथी

**अजय कुमार**

**उत्तर** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल के 09 जिलों की 54 सीटों पर 07 मार्च को मतदान होगा और 10 मार्च को नतीजे आएंगे। सातवें ही चरण में मोदी के सियासी गढ़ वाराणसी और अखिलेश यादव से संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में भी चुनाव होना है, 2014 के लोकसभा चुनाव में जब से मोदी ने यूपी को अपनी कर्म भूमि बनाई है तब से बीजेपी को यहां (यूपी में) अभी तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर 2017 में हुए विधान सभा चुनाव की मोदी पार्टी के लिए जीत की गारंटी बने हुए हैं, 2022 में भी यदि बीजेपी सत्ता हासिल कर लेती है तो यूपी में मोदी की जीत का चौका लग जाएगा। बीजेपी के तमाम दिग्गज नेताओं के साथ-साथ मोदी और उनकी पूरी टीम ने यहां डेरा डाल रखा है। सातवें चरण के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सातवें चरण में ही अखिलेश के संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में भी वोटिंग होना है। अखिलेश के लिए सातवां चरण कितना अहम है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रमुख और संरक्षक मुलायम सिंह यादव भी 2022 के चुनाव के लिए दूसरी बार मीटिंग करने जा रहे हैं, इससे पहले तीसरे चरण में मुलायम मैनपुरी के करहल विधान सभा क्षेत्र में प्रचार करते नजर आए थे। जहां से अखिलेश स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं। सातवां चरण कितना अहम है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी यहां प्रचार करने




आई और अखिलेश के समर्थन में मोदी को खूब खरी-खोटी सुनाई। वाराणसी पहुंच कर ममता 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी एजेंडा तय करना चाह रही थीं, ममता बनर्जी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए गैर कांग्रेसी-गैर भाजपा के तीसरा मोर्चा खड़ा करना चाहती हैं और स्वयं को भावी पीएम के रूप में पेश करने का सपना पाले हुए है। वहीं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पिंडरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के जरिए मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश करते नजर आएं। पिंडरा विधानसभा प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा का यहां आना हुआ है। बसपा सुप्रीमो मायावती की सातवें चरण में प्रचार के लिए निकली। उन्होंने सपा भाजपा कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सातवें चरण का रण पूर्वांचल के उन नौ जिलों में लड़ा जा रहा है, जो खतरनाक और गैंगस्टरों से भरे राज्य की पहचान कराता है। मिजार्पुर, रक्तांचल, रंगबाज और असुर जैसी वेब सीरीज के लिए मसाला यहीं मिलता है। मुख्तार अंसारी से लेकर धनंजय सिंह और विजय मिश्र जैसे माफिया सरगना काशी की सरजमीं में ही पनपते हैं। यहीं सैकड़ों करोड़ लोगों के अराध्य बाबा विश्वनाथ हैं, तो गौतम बुद्ध की पहली उपदेश स्थली सारनाथ भी यहीं है। खैर, 07 मार्च को जिन 09 जिलों में मतदान होना है उसमें आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, संत रविदास नगर, वाराणसी, मीजार्पुर, चंदौली और सोनभद्र जिले शामिल हैं। वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी और आजमगढ़ से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सांसद होने के नाते प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। वहीं गाजीपुर से बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र और जौनपुर से बाहुबली धनंजय सिंह जनतादल यू, भदोही से दबंग विजय मिश्र मैदान में हैं। इन सभी जिलों से निकलने वाले सियासी संदेश को पीएम मोदी से जोड़कर देखा जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए भाजपा ने अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ पूरी ताकत झोंक दी है। सातवें चरण के चुनावों में भाजपा के साथ उसके सहयोगी दलों निषाद पार्टी और अपना दल की भी परीक्षा होनी है। कभी भाजपा की हितैषी रही ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभाषपा इस बार समाजवादी पार्टी के साथ चुनावी मैदान में है। इस चरण में सुभाषपा की भी साख दांव पर लगी है। ओमप्रकाश राजभर इससे इतिफाक नहीं रखते हैं और वह कहते हैं असली परीक्षा तो हम छोटे दलों की पांचवें चरण से ही शुरू हो गई थी।

# आखिर बुद्ध हँस क्यों रहा है

**बलदेव राज भारतीय**

सदैव शांत रहने वाला बुद्ध हँस रहा है। युद्ध की विभीषिका यूक्रेन में कहर बरपा रही है। यूक्रेन के शहरों में मृत्यु तांडव कर रही है। सड़कें, गलियां रक्तरंजित हो रही हैं। रूस परमाणु युद्ध की धमकी दे रहा है। पृथ्वी को दहलाने की कोशिश की जा रही है। इतना सब होने के बावजूद भी बुद्ध हँस रहा है। बुद्ध को ऐसी स्थिति में हँसना नहीं चाहिए। आखिर उसकी हँसी के पीछे का कारण क्या है? वर्षों पहले जब तालिबान ने अफगानिस्तान में बुद्ध की मूर्तियां तोड़ी थी तब भी बुद्ध हँसा था। परंतु तब उसकी हँसी का कारण समझा जा सकता था। बेजान मूर्तियों पर बमों और मोटारों से हमला किया गया था। वो मूर्तियां जो न चीख सकती थी और न ही उनका खून बह सकता था। वो निष्प्राण मूर्तियां जो किसी का कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती थी उन पर बड़े बड़े बमों और मोटारों से हमला किया गया था। तब बुद्ध का हँसना समझ में आता था। परंतु अब यूक्रेन रूस युद्ध से बुद्ध का क्या लेना देना? बुद्ध का हँसना रहस्यमयी रूप से खतरनाक होती जा रही है। कहीं यह एक विनाशकारी भविष्य की चेतावनी तो नहीं। क्या युद्ध किसी समस्या का हल हो सकता है? पृथ्वी पर लकीरें खींचकर उन्हें देशों का नाम देने वाला मनुष्य क्या इस रहने लायक धरा को अपने झूठे दंभ की बलि चढ़ा देगा? मनुष्य की युद्ध की आकांक्षा की भेंट क्या केवल मनुष्य चढ़ता है? क्या युद्ध क्षेत्र में रहने वाले अनेकों निर्दोष पशु पक्षी युद्ध की विभीषिका के शिकार नहीं होते? शासक वर्ग की अपनी महत्वाकांक्षाएं हो सकती हैं। जो अनेक निर्दोष प्राणियों की मृत्यु का कारण बनती हैं। उन्हें अपने अमूल्य जीवन से हाथ धोना पड़ता है। कितनी माताओं की गोद सूनी हो जाती है? कितने घरों के चिराग बुझ जाते हैं? कितने पशु पक्षी और अन्य जीव जंतु असमय युद्ध की भेंट चढ़ जाते हैं? क्या मनुष्य के अहंकार और अभिमान के आगे उनके जीवन का कोई मोल नहीं? युद्ध के पीछे कारण हो सकते हैं। संसार भर में अपनी शक्ति का लोहा मनवाना, छोटे देशों पर अपना दबदबा स्थापित करना या कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं। माना कि महाभारत युद्ध की तरह कई बार युद्ध अनिवार्य हो जाता है। लेकिन हमें महाभारत से यह भी तो शिक्षा लेनी चाहिए कि श्री कृष्ण ने युद्ध को टालने के लिए कितने उच्च स्तर तक प्रयत्न किया था? राज्य के बराबर के अधिकारियों के लिए केवल पांच गांव तक की मांग रख दी थी। और इससे कम वह रखते भी तो इतिहास उन्हें कभी माफ भी नहीं करता। लेकिन आज क्या हो रहा है? बड़े बड़े आग्नेयास्त्रों से शहर के शहर नष्ट किए जा रहे हैं। खून बह रहा है। वे लोग जिनके कारण यह युद्ध हो रहा है, जिनकी जिद्द, हठ और झूठे अहंकार के कारण यह युद्ध हो रहा है, एक दिन इस धरती से उनकी विदाई भी निश्चित है। बुद्ध का हँसना गलत नहीं है। बुद्ध इसलिए हँस रहा है कि यदि संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि मनुष्य प्रतिदिन लोगों को मरते देखता है और फिर भी जीने की लालसा रखता है तो अन्य प्राणियों को मौत के मुंह में धकेलने वाले कौन सा अमृतपान करके आए हैं जो उन्हें कभी मौत नहीं आएगी।

इसलिए एक न एक दिन उन्हें भी काल का ग्रास तो बनना ही पड़ेगा। वो जिनको नष्ट करने के लिए इतने बड़े बड़े और महंगे हथियारों का प्रयोग किया जा रहा है। वो भी एक न एक दिन नष्ट हो ही जाते। फिर युद्ध क्यों?

युद्ध का प्रभाव केवल उन देशों पर पड़े जो इसमें भाग लेते हैं तो ऐसी बात तो बिलकुल भी नहीं। इस समस्त विश्व की अर्थव्यवस्था युद्ध के कारण बहुत हद तक प्रभावित हो जाती है। वह छोटे से छोटा देश जिसका युद्ध से कोई लेना देना नहीं, वह भी इसके पार्श्व प्रभावों से नहीं बच पाता। महंगाई वह बला है जो किसी भी देश की जनता पर बहुत गहरा प्रभाव डालती है। युद्ध कहीं भी हो महंगाई किसी को कहीं भी डस लेती है। पहले ही महंगाई ने त्राहि त्राहि मचाई हुई है और युद्ध के पश्चात तो यह लोगों का जीना मुहाल कर सकती है। महंगाई का तगड़ा डोज जनता को ही लगता है, शासक वर्ग तो इससे तनिक भी प्रभावित नहीं होता।

युद्ध के पश्चात सभी देशों के आपसी संबंधों में भी व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। कौन किसके साथ खड़ा है या किसने युद्ध में किसका साथ दिया? यह बाते नए संबंधों को परखेंगी और पुराने संबंधों की समीक्षा करेंगी। भारत के रूस के साथ संबंध सदैव मित्रतापूर्ण रहे हैं। किसी बड़ी से बड़ी मुसीबत से लेकर छोटी से छोटी समस्या तक रूस ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर सदैव भारत का साथ दिया है। ऐसे में भारत कैसे रूस के विरुद्ध जा सकता है। इसलिए भारत ने युद्ध में तटस्थ रहने का निर्णय लिया है। उसका यह निर्णय निश्चय ही सही भी है। बल्कि उसे विश्व के समस्त देशों को एक मंच पर लाने का कार्य करना होगा।

भारत को अपनी भूमिका विश्व पटल पर सही ढंग से निभानी होगी। यदि तीसरे विश्वयुद्ध की कोई संभावना बन रही है तो भारत की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। उन संभावनाओं को निरस्त कर समस्त विश्व का युद्ध से बुद्ध की ओर मार्ग प्रशस्त करे ताकि बुद्ध की रहस्यमयी हँसी शांत हो सके और यह समस्त विश्व महाविनाश से बच सके।

# कीव के गिरने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी

**महेश शर्मा**

**यूक्रेन** की राजधानी कीव के गिरने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी। बस, एक-दो दिन की बात है। कीव पर कब्जा होते ही यूक्रेन के राष्ट्रपति झेलेंस्की भी अर्न्तध्यान हो जाएंगे। नाटो और अमेरिका अपना जबानी जमा-खर्च करते रह जाएंगे। नाटो के महासचिव ने तो साफ-साफ कह दिया है कि वे रूस के साथ युद्ध नहीं लड़ना चाहते हैं। फ्रांस और जर्मनी की भी बोलती बंद है। झेलेंस्की ने नाटो की नपुंसकता पर पहली बार मुंह खोला है। यह उनकी अपरिपक्वता ही है कि उन्होंने नाटो पर अंधविश्वास किया और उसके उकसावे में आकर रूसी हमला अपने पर करवा लिया। अमेरिका ने रूस पर चार-पांच नए प्रतिबंध भी घोषित कर दिए हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में चल रहे रूसी सेठों के करोड़ों डॉलरों के खातों को जब्त कर लिया गया है। जो बाइडन से कोई पूछे कि क्या इसके डर के मारे पुतिन अपना हमला रोक देंगे? क्या रूसी फौजें कीव के दरवाजे से वापस लौट जाएंगी? यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए भेजी गई झेलेंस्की की औपचारिक अर्जी को आए हुए तीन-चार दिन हो गए। अभी तक उस पर यूरोपीय संघ खरार्टे क्यों खींचे हुए है? यूरोपीय राष्ट्रों ने यूक्रेन के परमाणु संयंत्र पर रूसी हमले की खबर को बढ़ा-चढ़ाकर इतना फैलाया कि सारी दुनिया में सनसनी फैल गई लेकिन अभी तक कोई परमाणु प्रदूषण नहीं फैला। वर्ष 1986 में चेर्नोबिल की तरह मौत की कोई लहर नहीं उठी। मास्को ने स्पष्ट किया कि नाटो ने यह झूठी खबर इसलिए फैला दी थी कि रूस को फिजूल बदनाम किया जाए। रूस ने झापोरीझजिया के परमाणु संयंत्र पर कब्जा जरूर कर लिया है। यह असंभव नहीं कि रूस यूक्रेन में बिजली की आपूर्ति पर रोक लगाकर सारे देश में अंधेरा फैला दे। अफवाहें ये भी हैं कि झेलेंस्की अमेरिका राजदूतावास में जाकर छिप गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद में फिर से रूस की भर्त्सना का प्रस्ताव पारित हो गया है। भारत ने फिर परिवर्जन (एब्सटेन) किया है लेकिन सिर्फ तटस्थ रहना काफी नहीं है। तटस्थ तो तुर्की भी है लेकिन वह मध्यस्थता की कोशिश भी कर रहा है। मध्यस्थता तो बहुत अच्छा बहाना भी है, अपनी तटस्थता को सही सिद्ध करने के लिए।

यदि हम सिर्फ तटस्थ रहते हैं और साथ में निष्क्रिय भी रहते हैं तो यह तो घोर स्वार्थी और डरपोक राष्ट्र होने का प्रमाण-पत्र भी अपने आप बन जाएगा। भारत की कूटनीति में भव्यता और गरिमा का समावेश होना बहुत

# रूस-यूक्रेन संकट में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की कुशल रणनीति

**मृत्युंजय दीक्षित**

**आज** हर जगह केवल रूस -यूक्रेन संकट की चर्चा है और साथ ही पूरी दुनिया की निगाहें इस संकट पर भारत की भूमिका पर हैं। भारत सरकार ने अभी तक इस प्रकरण पर बहुत ही संतुलित व तटस्थ भूमिका का निर्वाहन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित जिन मंचों पर रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव या अन्य जितने भी प्रस्ताव पास हुए हैं उन सभी में मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित ही रहा है। यह पंक्तियाँ लिखे जाने तक भारत के रूख से रूस और अमेरिका सहित विश्व के सभी देश खुश हैं । यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विदेश के बड़े नेताओं के साथ उनकही मैत्री का ही परिणाम है कि जंग के खतरनाक दौर में भी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन जहां उनसे फोन पर बात कर रहे हैं और भरतीय छात्रों की सकुशल वापसी के लिए सुरक्षित मार्ग दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर यूक्रेन भी भारत की ओर देख रहा है और नरेंद्र मोदी से मदद की अपील कर रहा है ताकि युद्ध को रोका जा सके, यूक्रेन के पड़ोसी देश भारतीय छात्रों की वापसी में सहयोग कर रहे हैं। आज भारत ने जो तटस्थ नीति अपनायी है जहां उसकी जहाँ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है वहीं मोदी विरोधी मीडिया इस बात पर भी अपना नकारात्मक प्रवचन चला रहा हैं। पष्चिमी जगत के मीडिया की नकल करने वाला मीडिया का एक वर्ग यह भी कह रहा है कि भारत को इस युद्ध में रूस के निंदा प्रस्ताव में रूसी कार्यवाही के विरोध में अपना मत देना चाहिए था , आखिर क्यों ? भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी जो भूमिका निभायी है उसके कारण भारत के दो धुर विरोधी चीन और पाकिस्तान भी हैरान हो रहे हैं तथा वहां के टीवी चैनलों पर बड़ी बहसें हो रही हैं कि आखिर मोदी जी के दिमाग में चल क्या रहा है। भारत की वर्तमान रणनीति की पृष्ठभूमि पर हम सभी को नजर डालनी होगी और अपना विस्मृत ज्ञान का भंडार फिर से ताजा करना होगा क्योंकि यूक्रेन एक ऐसा देश रहा है जिसने कभी भी किसी भी संकट में भारत का साथ नहीं दिया है और वह सदा ही भारत विरोध का रवैया अपानाता रहा है।। यूक्रेन की सरकार ने न तो पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सरकार के कार्यकाल में परमाणु परीक्षण के मुददे पर भारत का साथ दिया और नहीं आतंकवाद के मुददे पर। यूक्रेन सदा पाकिस्तान व चीन के साथ खड़ा रहा है। अमेरिका व अन्य पश्चिमी देश भारत पर इस बात का दबाव बना रहे हैं कि वह रूस के खिलाफ मतदान करे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन देशों ने आज तक आतंकवाद के मुददे पर भारत को कोई सहयोग कभी नहीं दिया। इतिहास गवाह है कि अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देश पाकिस्तान के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर व पाक अधिकत कश्मीर को मिलाकर एक स्वतंत्र देश बनाने का सपना देख रहे हैं और कई बार उनकी यह साजिशें उन देशों के नेताओं की जुबान पर आ भी जाती हैं। जब गलवान में चीन ने सोची समझी साजिश के



तहत हमला किया तब भी ये देश भारत के पक्ष में नहीं बोले तो आज भारत इन देशों का साथ क्यों दे ? भारत में बैठे पश्चिमी मीडिया के पिछलग्गू बुद्धिजीवि सरकार से यह आशा कर रहे है कि वह यूक्रेन का साथ दे तो उनकी बुद्धि पर तरस ही आता है । वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था उस समय संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए एक प्रस्ताव आया था इस प्रस्ताव को दुनिया के जिन 25 देशों ने प्रस्तुत किया था उसमें यूक्रेन प्रमुख था। भारत के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिये यूक्रेन ने पाकिस्तान का साथ दिया था। सबसे खतरनाक पहलू यह है कि पिछले तीन दशकों से पाकिस्तान को हथियार बेचने वाला सबसे बड़ा देश यूक्रेन बना हुआ है। पाकिस्तान को हथियारों की जरूरत यूक्रेन ही पूरा करता है और वह अब तक पाकिस्तान को 12 हजार करोड़ रुपए के हथियार बेच चुका है आज पाकिस्तान के पास जो 400 टैंक हैं वो यूक्रेन के द्वारा ही बेचे गये हैं। यूक्रेन पाकिस्तान की सेना को मजबूत करने में लगातार सहयोग कर रहा था और वह भारत के लिये बहुत बड़ा खतरा बन चुका था। यूक्रेन पाकिस्तान को चोरी छिपे परमाणु हथियारो की सप्लाई भी कर रहा था। रूस -यूक्रेन संकट पर यूक्रेन के प्रति सहानुभूति दिखा रहे लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यूक्रेन का रवैया हमेशा भारत का विरोध ही रहा है और वह कभी नहीं सुधरेगा। आज जब आपरेशन गंगा को सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है तब उस समय भी यूक्रेन की ओर से ही बाधा खड़ी की जा रही है। अब अमेरिका की पृष्ठभूमि पर भी नजर डालते हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी जगत कभी नहीं चाहता कि भारत एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर देश बन जाये । यह सभी देश भारत को एक बाजार के नजरिये से ही देखते हैं और यही कारण है कि वह समय -समय पर भारत को धमकियां देते रहे हैं और भारत के आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करने का प्रयास करते रहते हैं। भारत के खिलाफ विषवमन करते रहते हैं।

अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों में भारत विरोधी लेख लिखे जाते हैं उन्हीं के आधार पर भारत के विरोधी दल सरकार के खिलाफ एक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। जरा याद करें जब 1971 के युद्ध में अमेरिका ने भारत को युद्ध रोकने की धमकी दी थी और तब पाकिस्तान की हार आसान लग रही थी उस समय किसिंजर ने पूर्व राष्ट्रपति निक्सन को बंगाल की खाड़ी में परमाणु संचालित विमानवाहक पोत यूएसएस इंटरप्राइज के नेतृत्व में यूएस 7वी फ्लीट भेजने के लिए प्रेरित किया था।

## भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम विश्व कप में स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंची

**काहिरा।** राही सरनोबत, ऐशा सिंह और रिदम सांगवान की तीन सदस्यीय भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम आईएसएसएफ विश्व कप के स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंच गई। तीनों ने दूसरे



क्वालीफिकेशन चरण में पहला स्थान हासिल करते हुए 450 में से 441 अंक बनाए।

अब फाइनल में उनका सामना सिंगापुर से होगा जिसके समान अंक रहे लेकिन भीतर 10 में भारत से तीन शॉट कम लगाए। चीनी ताइपै और जापान कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। भारत दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सौरभ चौधरी और महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि ऐशा सिंह ने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया था। पुरूषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भारत के अनीश भानवाला 37 निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं।

## हंस वुमैन एफसी ने शुरूआती फुटबॉल दिल्ली महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता

**नई दिल्ली।** हंस वुमैन एफसी ने यहां अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गये फाइनल में सिग्नेचर एफसी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर शुरूआती फुटबॉल दिल्ली महिला प्रीमियर लीग 2021-22 खिताब



अपने नाम किया। दोनों टीमें निर्धारित समय के बाद 1-1 की बराबरी पर थीं जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। सिग्नेचर एफसी के लिये भागवती ने जबकि हंस वुमैन एफसी के लिये ज्योति ने गोल किया। विजेता टीम को एक ट्राफी और 50 हजार रूपये की पुरस्कार राशि दी गयी। वहीं उप विजेता को 25,000 रूपये की राशि मिली। यह खिताब जीतने से हंस वुमैन एफसी ने इंडियन वुमैन्स लीग के लिये क्वालीफाई कर लिया।

## अनिकेत यादव का सीनियर फुटबॉल टीम में चयन

**कोल्हापुर।** कोल्हापुर के अनिकेत यादव को भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में चुना गया है, जो अगले साल एएफसी एशियाई कप के क्वालीफिकेशन राउंड की तैयारी के लिए बहरीन और बेलारूस में



दो मैत्री मैच खेलेगी। अनिकेत सहित टीम में कुल 38 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि मिडफील्डर अनिकेत को 2017 में भारत की अंडर-17 युवा विश्व कप टीम में भी चुना गया था। वर्तमान में वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में हैदराबाद एफसी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## भारतीय महिलाओं की दहाड़ःपाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत

# पहले मैच में पाकिस्तान को 107 रन से हराया

**माउंट मॉनगनुई।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का महामुकाबला भारत ने जीत लिया है। भारत की शानदार गेंदबाजी के दमपर भारत ने पाकिस्तान को 107 रनों से हरा दिया है। पाकिस्तानी टीम को भारतीय गेंदबाजों मे 107 रनों पर समेट दिया। भारत की बल्लेबाजी शुरूआत में निराशा जनक रही लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने मैच को संभाला और पाकिस्तान को 244 रन का टारगेट दिया। भारत ने रविवार को बे ओवल में पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद स्मृति मंधाना (52), पूजा वस्त्राकर (67) और स्नेह राणा (53 *) के शानदार अर्धशतकों की मदद से 7 विकेट पर 244 रन बनाए। वस्त्राकर और राणा ने भारत की पारी को पुनर्जीवित करने के लिए सातवें विकेट के लिए



100 से अधिक की ठोस साझेदारी की।

**भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का महामुकाबला**

दोनों चीर प्रतिद्वंदी टीम एक दूसरे के सामने आये। दोनों की टीमें अपने-अपने स्टर पर देश को जीताने की कोशिश करते रहे लेकिन पाकिस्तान को सफलता हासिल नहीं हुई। भारत की कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पाकिस्तान के सामने 245 रन का लक्ष्य रखा है। स्मृति मंधाना, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के अर्धशतक की बदौलत भारत को रविवार को पाकिस्तान को 244 रन का टारगेट दिया है। आईसीसी महिला विश्व कप के पहले मैच में सात विकेट पर भारत ने 244 रन बनाये हैं। सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के शून्य पर आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत के खिलाड़ियों पर दबाव दिखा औक शुरूआत में कई विकेट गिर गये।

**पाकिस्तान की पारी**

भारतीय गेंजबाजी की शानदार शुरूआत हुई और शुरूआत में ही पाकिस्तान ने अपने दो बड़े विकेट गंवा दिए। पाकिस्तानी बल्लेबाजी काफी निराशाजनक हुई। पाकिस्तान ने अपना 50 रनों का आंकड़ा भी नहीं पार किया था और दोनों सलामी बल्लेबाजों को गवां दिया। फिलहाल पाकिस्तान ने अपने 5 बड़े विकेट गवां दिए थे। 22वें ओवर में 67 रन के कुल स्कोर पर पाकिस्तान को चौथा झटका लगा। भारत की दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने सिदरा अमीन को ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी बल्लेबाजी करने आयी ओमैमा सोहेल स्नेह राणा ने आउट किया। फिलहाल 34 ओवर में पाकिस्तान ने 109 रन बनाए हैं और अपने 7 विकेट गवाए हैं।

## डेविस कप में भारत 4-0 से जीता, डेनमार्क को क्लीन स्वीप कर विश्व ग्रुप में पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को डेविस कप विश्व ग्रुप-1 में पहुंचने के लिए रोहन बोपन्ना और दिविज शरण को जीत की जरूरत थी। दिल्ली जिमखाना के कोर्ट पर दोनों खिलाड़ियों ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर तीन सेटों के संघर्ष में फ्रेडरिक नीलसन और मिकेल टोरपीगार्ड को हराकर भारत को विश्व ग्रुप में जगह दिलाई।

फरवरी 2019 के बाद से अपना पहला डेविक कप मुकाबला खेल रहे बोपन्ना-शरण ने 118 मिनट के संघर्ष में 6-7 (3), 6-4, 7-6 (4) से नीलसन-टोरपीगार्ड को हराया। बोपन्ना ने पहला सेट टाईब्रेकर में हारने के बाद दूसरे सेट के पहले ही गेम में नीलसन की सर्विस तोड़ दूसरा सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में स्कोर 5-6 था और



दिविज अपनी सर्विस पर 0-40 से पिछड़े थे। डेनमार्क के पास तीन मैच प्वाइंट थे, लेकिन डेनिस टीम तीन प्वाइंट भुना नहीं पाई और भारत को 3-0 से अजेय बढ़त मिली।

**रामकुमार के हाथ लगी बाजी**पहले उलट एकल में रामकुमार रामानाथन ने इंगिल्डसन को 5-7, 7-5, 10-7 से परास्त कर भारत को 4-0 से जीत दिलाई। पहले उलट एकल में रामानाथन हार की कगार पर थे। दूसरे सेट में इंगिल्डसन को कई मौके मिले। 5-6 और 30-30 के स्कोर पर उन्होंने लगातार दो डबल फॉल्ट कर रामकुमार को सेट झोली में दे दिया।

सुपर टाईब्रेकर में भी संघर्ष हुआ, लेकिन बाजी रामकुमार के हाथ लगी। महत्वहीन दूसरे उलट एकल को खेलने की जरूरत महसूस नहीं की गई। इस दौरान दिग्गज विजय अमृतराज को डेविस कप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## साहा ने धमकी देने वाले पत्रकार का नाम बीसीसीआई जांच समिति को बताया



**नई दिल्ली।** साक्षात्कार नहीं देने पर पत्रकार द्वारा धमकी देने का आरोप लगाने वाले अनुभवी भारतीय विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने बीसीसीआई की जांच कर रही समिति को सारी जानकारी का खुलासा कर दिया है। तीन सदस्यीय समिति ने इस पत्रकार के खिलाफ आरोपों की जांच के लिये शनिवार को साहा से मुलाकात की।साहा ने यहां समिति के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे जो कुछ पता था, मैंने वो सब समिति को बता दिया है। मैंने उनके साथ सारी जानकारी साझा कर दी है। मैं आपको अभी ज्यादा कुछ नहीं बता सकता। बीसीसीआई ने मुझे बैठक के बारे में बाहर बताने को मना किया है क्योंकि वे ही आपके सभी सवालों के जवाब देंगे।

## विवादः मैक्सिको में फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा, कम से कम 22 घायल, मुकाबले को तत्काल रोका गया

**मैक्सिको।** मैक्सिको में एक फुटबॉल मैच के दौरान दर्शकों के बीच झड़प हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हिंसा में कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं। यह घटना क्वेरेतारो और एटलस के बीच ला कोरेगिडोरा स्टेडियम में हुए मैच के दौरान की है। बाद में इस मुकाबले को भी रोक दिया गया।

क्लोसूरा फुटबॉल टूर्नामेंट के इस मैच के दौरान 63वें मिनट में दोनों टीमों के फैंस के बीच झड़प हो गई। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड्स ने दर्शकों को बाहर निकलने के लिए दरवाजे खोल दिए। हालांकि, कुछ दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे और उनके बीच हिंसक झड़प होती रही। इसके बाद आयोजकों ने मैच को रोक दिया और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया।

इसके बाद दर्शकों के बीच हाथापाई भी हुई। दोनों गुटों के बीच लात-घूंसे भी चले। इस दौरान दर्शकों ने वीडियो एसिस्टेंट रेफरल डिवाइस को भी तोड़ दिया। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें



खूब वायरल हो रही हैं। क्वेरेतारो राज्य के सिविल प्रोटेक्शन यूनिट के एक सदस्य ने कहा कि किसी के मौत की खबर नहीं है।


उन्होंने कहा कि 22 लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की स्थिति गंभीर है। मैच को तत्कार रोक दिया गया। मैक्सिको लीगा के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट ने घटना की निंदा की और कहा कि स्टेडियम में सिक्योरिटी में लापरवाही को लेकर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को सजा मिलेगी। खिलाड़ी और दर्शकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। एटलस क्लब ने भी अथॉरिटी और लीग के आयोजकों से मामले की जांच करने की मांग की है। क्वेरेतारो के गवर्नर मारूसियो कूरी ने कहा कि क्लब के मालिक और संस्थानों को इस घटना पर जवाब देना चाहिए।

## ऑस्ट्रेलिया -पाकिस्तान पहला टेस्टःपाकिस्तान ने पहली पारी 475/4 पर पारी घोषित की

**रावलपिंडी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 24 साल बाद पाकिस्तान का दौरे पर है। रावलपिंडी में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। दूसरे दिन पाकिस्तान ने 4 विकेट पर 475 रन बनाकर पारी को घोषित की। इमाम उल हक के बाद अजहर अली भी शतक बनाकर आउट हो गए हैं। वहीं कप्तान बाबर आजम भी 82 गेंदों पर 36 रन बनाकर उन आउट हो गए।

**इमाम ने लगाया करियर का पहला शतक**

टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 1 विकेट के नुकसान पर 245 रन बनाए। इमाम ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक 200 गेंदों पर 13 चौके और 2 छक्के लगाकर बनाए। वहीं दूसरे दिन पाकिस्तान ने 245 रन से आगे खेलना शुरू किया। दूसरा विकेट 313 रन पर गिरा। इमाम ने 132 रन की पारी में दूसरे दिन 25 रन ही जोड़ पाए और 358




गेंदों पर 157 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 2 छक्के जड़े।

**अजहर अली ने अपने करियर का 19वां शतक जड़ा**

वहीं अजहर अली ने दूसरे दिन 64 रन से आगे खेलते हुए अपना शतक पूरा किया। अजहर ने अपना शतक 257 गेंदों पर 8 चौके और 1 छक्के से पूरा किया।

वह 361 गेंदों पर 185 रन बनाकर आउट हो गए।

उनके और इमाम के बीच 496 गेंदों पर 200 रन की साझेदारी हुई। जिसमें 99 रन इमाम के और 95 रन अजहर के शामिल हैं। जबकि 5 रन एक्सट्रा के रूप में मिले।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को रोमांचक मैच में 12 रन से हराया, रेचल और लेनिंग की रिकॉर्ड साझेदारी

**हैमिल्टन ।** महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 12 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 310 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम आठ विकेट पर 298 रन बना पाई और यह मैच हार गई। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड महिला विश्व कप की दो सबसे सफल टीमें हैं। इंग्लैंड ने यह टूर्नामेंट चार बार और ऑस्ट्रेलिया ने छह बार जीता है।

**ऑस्ट्रेलिया की शानदार बल्लेबाजी**

हैमिल्टन के सेड्डन पार्क में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने शानदार खेल दिखाया। टीम का पहला विकेट 35 रन पर गिर गया था, लेकिन इसके बाद रेचल और कप्तान लेनिंग ने 196 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। रेचल ने 130 रन बनाए। वहीं लेनिंग ने 86 रन की पारी खेली। इसके बाद मूनी के 27 और पेरी के तूफानी 14 रन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट के नुकसान पर 310 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए नेट शिविर ने दो और ब्रंट ने एक विकेट लिया।

**शिविर का शतक बेकार**

ऑस्ट्रेलिया के 310 रन के जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। टीम का पहला विकेट शून्य के स्कोर पर गिर गया था, लेकिन बेमाउंट और नाइट ने 92 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। इसके बाद नताली




शिविर ने बेहतरीन शतक लगाकर अपनी टीम को मैच में ला दिया। हालांकि, दूसरे अंत में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी कर इंग्लैंड को 298 रन पर रोक दिया और 12 रन से जीत हासिल की। इंग्लैंड के लिए नताली शिविर ने नाबाद 109 रन बनाए। वहीं बेमाउंट ने 74, नाइट ने 40, सोफिया ने 28 और ब्रंट ने 25 रन की पारी खेला। ऑस्ट्रेलिया के लिए किंग ने तीन, मैकग्राथ और जॉनसन ने दो-दो और स्कट ने एक विकेट लिया।

**ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड**

**मैच के आंकड़े**-दोनों टीमों के बीच आंकड़ों की बात करें, तो अब तक कुल 82 वनडे मैच हुए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। उसने कुल 56 मैच जीते हैं, जबकि 22 में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच टाई और तीन का कोई नतीजा नहीं निकला।

## जडेजा ने तोड़ा कपिल देव का 36 साल पुराना रिकॉर्ड, मोहाली टेस्ट में बनाए तीन अहम कीर्तिमान

**मोहाली।** भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने खास कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने पूर्व ऑलराउंडर कपिलदेव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने मोहाली टेस्ट में नाबाद 175 रन बनाए। अब जडेजा सातवें नंबर पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कपिल देव का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है।

कपिल देव ने 1986 में कानपुर में श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर आकर 163 रन बनाए थे।

जडेजा ने इस मैच में अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक लगाया। इस मैच में उन्होंने अपने टेस्ट करियर का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जडेजा ने इस पारी में 17 चौके और तीन छक्के लगाए।

**अश्विन और जडेजा ने पहली बारी की शतकीय साझेदारी**

अश्विन और जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 15 बार साथ में बल्लेबाजी कर चुके हैं, लेकिन यह सिर्फ दूसरा मौका था, जब इन



दोनों ने 50 रन से ज्यादा की साझेदारी की। इस मैच में दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। इससे पहले 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ इस जोड़ी ने 97 रन जोड़े थे। यह साझेदारी भी सातवें विकेट के लिए ही थी। श्रीलंका के खिलाफ अश्विन ने 61 रन की बेहतरीन पारी खेली।

**जडेजा ने आठवीं बार 150 रन से ज्यादा की पारी खेली**

इस मैच में भारत के रवींद्र जडेजा ने 175 रन बनाए। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 11वां शतक था। इन 11 शतकों में आठ बार जडेजा ने 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। बाकी तीन शतकों में भी दो बार वो नाबाद लौटे थे, जबकि एक बार 143 के स्कोर पर आउट हुए थे। 2011-12 में उन्होंने लगातार तीन शतक लगाए थे।

**भारत ने पहली पारी 574 रन पर घोषित की**

भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 574 रन बनाकर घोषित की है। रवींद्र जडेजा के अलावा भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 96 रन की बेहतरीन पारी खेली। अश्विन ने 61 और विहारी ने 58 रन की पारी खेली। वहीं श्रीलंका के लिए लकमल, विश्वा फर्नांडो और एंबुलडेनिया ने दो-दो विकेट लिए। इस मैच में भारत की पकड़ मजबूत हो चुकी है।

## मोहाली में सर जडेजा ने रचा इतिहासःएक ही मैच में 5 विकेट और 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बने

**मोहाली।** भारत और श्रीलंका के बीच मोहाली में खेल जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन रवींद्र जडेजा ने 5 विकेट लिए हैं। इससे पहले उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 175 रन की पारी खेली। चलिए हम आपको बताते हैं कि जडेजा ने पहले टेस्ट में कौन- कौन से रिकॉर्ड बनाए। जडेजा ने मोहाली में पहले टेस्ट के तीसरे दिन 5 विकेट लेने के बाद वह एक पारी में शतक लगाने और 5 विकेट लेने वाले क्लब में शामिल हो गए हैं। उन्होंने 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर मेडन भी फेंके। वह चौथे भारतीय बन गए हैं। जडेजा ने बल्लेबाजी के दौरान नाबाद 175 रन की पारी खेली। आर अश्विन तीन बार ये कारनामा कर चुके हैं। अश्विन ने 2011 और 2016 में वेस्टइंडीज व 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया था। वहीं, वीनू मांकड़ ने 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार ये कमाल किया था। जबकि पॉली उमरीगर ने 1962 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में शतक बनाने के अलावा 5 विकेट हासिल किए थे। जडेजा ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज कराया। वह एक ही मैच में 150 रन बनाने और 5 विकेट लेने वाले दुनिया के छठे ऑलराउंडर बन गए हैं। वहीं तीसरे भारतीय हैं, जो यह कारनामा किया है। उनसे पहले 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी वीनू मांकड़ ने 184 रन बनाए और 196 रन देकर 5 विकेट भी लिए। वेस्टइंडीज के डेनिस एटिंक्सन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1955 में 219 बनाने के साथ ही 56 रन देकर 5 विकेट लिए। साल 1962 में भारतीय ऑलराउंडर पॉली उमरीगर ने वेस्टइंडिज के खिलाफ नाबाद 172 रन की पारी खेली और 107 रन देकर 5 विकेट भी लिए। वहीं 1966 में गैरी सोबर्स ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में 174 रन बनाने के साथ ही 41 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं 1973 में मुश्ताक मोहम्मद ने 201 रन बनाने के साथ ही 49 रन देकर न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 5 विकेट भी लिए।

# विदेश संदेश

## तालिबानः पहली बार सामने आया हक्कानी, महिलाओं के कामकाज और लड़कियों के स्कूल जाने पर कही यह बात

**काबुल।** अफगानिस्तान में शासन कर रहे तालिबान के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने पुलिस प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग पूरी होने पर आयोजित समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उसने कहा कि अफगानिस्तान में गलत व्यवहार और दुर्व्यवहार के आरोपी पुलिसवालों को सजा दी जाएगी। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद ट्रेनिंग पूरी करने वाला यह पहला बैच है। समारोह के दौरान प्रशिक्षण पूरा करने वाले पुरुषों और महिलाओं को प्रमाण-पत्र दिए गए। तालिबान सरकार ने पहली बार अपने आधिकारिक चैनलों पर हक्कानी की ऐसी फोटो दिखाई गई है, जिसमें उसका चेहरा साफ दिखाई पड़ रहा है। इससे पहले अक्टूबर में भी उसकी एक तस्वीर जारी की गई थी, लेकिन उसमें उसका चेहरा छिपा दिया गया था। गौरतलब है



कि तालिबान के टॉप कमांडर सिराजुद्दीन हक्कानी पर अमेरिका ने एक करोड़ डालर का इनाम घोषित कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कार्यक्रम में पहली बार गृहमंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार हक्कानी ने मीडिया से बात की। उसने कहा कि अफगानी नागरिकों से अपराध करने वाले पुलिसकर्मियों को दंड देने की कानूनी कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इस दौरान उसने यह भी स्वीकारा कि जब तालिबानी लड़ाकों को पुलिस के काम में लगाया गया था तो उन्होंने नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किया था। उसने आगे कहा कि अब उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## रूस-यूक्रेन युद्धः सेवा इंटरनेशनल ने की 30 हजार लोगों की मदद, भारतीयों ने किए सबसे ज्यादा आवेदन

**बुडापेस्ट।** एक गैर लाभकारी संगठन सेवा इंटरनेशनल ने यूक्रेन में फंसे 30,000 लोगों की सहायता की है। गौरतलब है कि रूस के हमले के बाद से यूक्रेन में फंसे लोग समस्याओं का सामना कर रहा है। सेवा इंटरनेशनल के रिलेशनशिप मैनेजर विनोद पिल्लई ने बताया कि यूक्रेन में फंसे लोगों में मदद के लिए सबसे ज्यादा अनुरोध भारतीयों के आए हैं। सेवा इंटरनेशनल ने अफ्रीकियों और यूक्रेनियन लोगों के अलावा कई अन्य देशों के नागरिकों की मदद भी की है। सेवा इंटरनेशनल के




रिलेशनशिप मैनेजर विनोद पिल्लई ने बताया कि हमारा उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जो लोग संकट में फंसे हुए हैं । हम उन लोगों को रहने के लिए जगह और खाने के लिए खाद्य सामग्री मुहैया कराते हैं। उन्होंने आगे बताया कि उनके संगठन में लोगों की मदद करने के लिए काफी संख्या में स्वयंसेवक हैं, साथ ही हमने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन भी बना रखी है। पिल्लई ने बताया कि यूक्रेन के कई लोग जो बाहर काम करते थे उनके माता-पिता वहां फंस गए। ऐसे में हमारी प्राथमिकता बुजुर्ग लोगों उनमें भी महिलाओं की मदद करना है। उन्होने आगे बताया कि हमारी हेल्पलाइन के द्वारा हमें मदद और यूक्रेन से निकासी के लिए हमें नौ हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। गौरतलब है कि सेवा इंटरनेशनल संगठन दुनियाभर में अपने कार्यक्रमों के द्वारा लोगों की मदद करता है।

## किसी भी नए कोरोना वायरस वेरिएंट से भर्ती पर असर नहीं पड़ेगाः सर्वेक्षण

**वाशिंगटन।** देश के महामारी से उबरने के बीच अधिकांश क्षेत्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों (73 प्रतिशत) का मानना ????है कि कोविड-19 की किसी नई लहर के कारण भर्ती प्रक्रिया पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।देश भर में कोविड-19 के मामलों में जारी गिरावट के बीच 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना ????है कि संक्रमण की किसी नई लहर का सभी क्षेत्रों में भर्ती की प्रक्रिया पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, जबकि 27 प्रतिशत उत्तरदाता भविष्य के बारे में निश्चित नहीं थे। जीनियस कंसल्टेंट्स द्वारा किये गये सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। यह सर्वेक्षण, बैंकिंग और वित्त, इंजीनियरिंग, शिक्षा, एफएमसीजी, आतिथ्य, मानव संसाधन समाधान, आईटी, आईटीईएस और बीपीओ, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, मीडिया, तेल और गैस, और फार्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 1,468 अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच ऑनलाइन किया गया।

# कीव-सूमी और चेर्निहीव में हवाई हमलों का अलर्ट, कई शहर पहले ही बर्बाद, 12 लाख से ज्यादा लोग बेघर

**कीव।** 11वें दिन यूक्रेन पर रूसी हमले जारी रहे। रूसी सेना ने राजधानी कीव समेत ओडेसा, लवीव, माइकोलेइव शहरों को निशाना बनाया। रूस ने कीव के साथ सुमी और चेर्निहीव शहरों के मुख्य इलाकों में हवाई हमलों का अलर्ट जारी किया। 11 दिन के भीतर रूस में 12 लाख लोग बेघर हो चुके हैं, कई बेगुनाह मारे जा चुके हैं और कई शहर, घर व मोहल्ले तबाह हो चुके हैं।

रूसी सेना कीव को चारों तरफ से घेर चुकी है और राजधानी पर नियंत्रण की लड़ाई इस युद्ध का अंतिम मोड़ होगी। कीव के अलावा यूक्रेन के कई शहरों में रूस के सैनिक मौजूद हैं। रूस की सेना या तो शहरों को अपने नियंत्रण में ले रही है अथवा उन्हें तबाह कर रही है। कीव की सड़कों पर अभी रूस के टैंक नहीं हैं, लेकिन यूक्रेन के कई शहरों में रूस के टैंक, रॉकेट और मिसाइलों ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यदि कीव पर कब्जा नहीं हो पाया तो युद्ध कई दिन और लंबा खिंच सकता है। उधर, यूक्रेन के चेर्निहीव और सुमी शहरों में हवाई हमले का अलर्ट जारी होने के बाद से इन शहरों में दहशत मची रही। निवासियों को निकटतम आश्रय स्थलों में जाने की चेतावनी दी गई है।



**मैरियूपोल को रूसी सेना ने किया बंद**

मैरियूपोल के मेयर वादिम बॉयचेंको ने कहा, कई दिनों तक हमलों के बाद रूसी सेना ने शहर को बंद कर दिया है। सीएनएन ने बताया, 4.5 लाख की आबादी वाला दक्षिण-पूर्वी मैरियूपोल शहर रूसी सेना के लिए रणनीतिक महत्व का है, क्योंकि यहां वे क्रीमिया को दक्षिणी रूस से जोड़ने वाले एक जमीनी गलियारे पर काम कर सकते हैं।

यूक्रेन में जैपोरिझिया परमाणु संयंत्र पर रूसी कब्जे के बाद भारत ने अपनी चिंता जाहिर की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक में देश के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा, भारत परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च अहमियत देता है। साथ ही आगाह किया कि इन केंद्रों पर कोई भी दुर्घटना जन स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर असर डाल सकती है।

तिरुमूर्ति ने यूक्रेन में जारी युद्ध व हिंसा को फौरन खत्म करने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने कहा, भारत यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और केंद्रों की सुरक्षा से संबंधित घटनाक्रम पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है। साथ ही कहा, वह अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के उसकी सुरक्षा व निगरानी गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

## रिपोर्ट : ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के कामयाब होने की बड़ी वजह परिवार का मजबूत सहारा

**लंदन ।** परिवार का सहारा विदेश में भी भारतीयों की सफलता का मजबूत कारण बना हुआ है। यह बात बीते हफ्ते लंदन में जारी ताजा शोध में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रह रहे भारतीयों की कामयाबी के पीछे पारिवारिक समर्थन, तमाम बाधाओं के खिलाफ आगे बढ़ने का संकल्प, दृढ़ कार्य नीति और भविष्य के लिए आशावाद अहम कारक हैं। ग्रांट थॉर्नट्न और फिक्की द्वारा तैयार 'ब्रिटेन में भारतःप्रवासियों का प्रभाव 2.0' शीर्षक रिपोर्ट को बीते लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने जारी किया। इसमें प्रवासी उद्यमियों व पेशेवरों के साक्षात्कार की श्रृंखला भी है।

यहां भारतीय उच्चायुक्त गायत्री इस्सर कुमार व फिक्की ब्रिटेन परिषद अध्यक्ष भारतीय मूल की बरोनेस उषा पाराशर ने



द्विपक्षीय संबंधों में युवाओं की भूमिका का उल्लेख किया।

**पौने दो लाख नौकरियां दे रहे प्रवासी भारतीय...**

प्रवासियों पर यह दूसरी रिपोर्ट है। इसमें ब्रिटेन में रह रहे भारतीयों की संख्या 17 लाख आंकी गई है। वर्ष 2020 में पहली रिपोर्ट में ब्रिटेन में एक लाख पाउंड से ज्यादा के सालाना टर्नओवर वाली प्रवासी भारतीयों के नेतृत्व वाली 654 कंपनियों की पहचान की गई थी। इन कंपनियों का संयुक्त सालाना टर्नओवर 36.84 अरब पाउंड बताया गया था। ये 1.74 लाख लोगों को रोजगार दे रही हैं।

## संकटः दक्षिण कोरिया के जंगलों में आग से 90 घर नष्ट, 6000 लोगों को सुरक्षित निकाला

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र के जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए लगभग 2,000 दमकलकर्मियों और सैनिकों को तैनात किया गया है।

इस आग से परमाणु संयंत्र व तरल प्राकृतिक गैस संयंत्र को अस्थायी रूप से खतरा पैदा हो गया है। यह आग समुद्र तट पर बसे उल्जिन शहर की पहाड़ियों पर सुबह लगी थी और अब यह लगभग तीन हजार हेक्टेयर के क्षेत्र में फैल चुकी है।

यह भीषण आग सैमचियोक शहर के करीब पहुंच चुकी है और अब तक इसकी चपेट में आकर 90 मकान और अन्य इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। प्रशासन द्वारा अब तक करीब 6,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दक्षिण कोरिया के आतंरिक और सुरक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की कोई



खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि वे आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आग तेज हवाओं और शुष्क मौसम की वजह से तेजी से फैल रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह 1,950 से अधिक दमकलकर्मी और सैनिक, 51 हेलीकॉप्टर और 273 अन्य वाहन आग बुझाने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने रातभर अभियान चलाकर आग की लपटों को सैमचियोक स्थित एलएनजी उत्पादन केंद्र तक पहुंचने से रोक दिया।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री की पीएम मोदी से अपील, युद्ध रोकने के लिए रूस से करें वार्ता

**कीव।** रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की मांग करते हुए यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शनिवार को भारत सहित कई देशों की सरकारों से रूस से चल रहे संघर्ष को रोकने की अपील करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रूस ने अगर युद्ध नहीं रोका तो दो पक्षों को सिर्फ नुकसान होगा। उन्होंने रूस से मानवता का ख्याल रखने के लिए कहा है। एक टेलीविजन संबोधन के दौरान, कुलेबा ने रूस पर युद्धविराम समझौतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और विदेशी छात्रों सहित नागरिकों को निकालने की अनुमति देने के लिए गोलीबारी बंद करने का आग्रह किया।

**पीएम मोदी युद्ध को रोकने में मदद करेंःकुलेबा**

दुनिया भर के देशों के समर्थन पर एक सवाल के जवाब में यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी, हम



उनसे राष्ट्रपति पुतिन तक पहुंचने और उन्हें समझाने के लिए कहते हैं कि यह युद्ध सभी के हित के खिलाफ है। एकमात्र व्यक्ति पूरे ग्रह पर - जो इस युद्ध में रुचि रखते हैं - स्वयं राष्ट्रपति पुतिन हैं। रूस के लोग इस युद्ध में रुचि नहीं रखते हैं।

**यूक्रेनी सरकार मानवता के तहत काम कर रहीः कुलेबा**

उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से यूक्रेन, अफ्रीका और एशिया के हजारों छात्रों के लिए एक घर की तरह था। हमने विदेशी छात्रों को बाहर निकालने के लिए ट्रेनों की व्यवस्था की, हॉटलाइन स्थापित की, दूतावासों के साथ काम किया। यूक्रेनी सरकार अपनी पूरी कोशिश कर रही है और मानवता के तहत काम कर रही है।

**रूस सहानुभूति जीतने की कोशिश कर रहाः कुलेबा**

यूक्रेन के विदेश मंत्री ने दावा किया कि रूस उन देशों की सहानुभूति जीतने की कोशिश कर रहा है जिनके यूक्रेन में नागरिक फंसे हैं। उन्होंने कहा कि अगर रूस विदेशी छात्रों के मामले में हेरफेर करना बंद कर देता है, तो उन सभी को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं भारत, चीन और नाइजीरिया की सरकारों से अपील करता हूं कि रूस से आग को रोकने और नागरिकों को जाने की अनुमति देने की अपील करें।

## यूक्रेन संकट का भारत-रूस संबंधों सहित पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा : राजदूत

**मास्को।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के खिलाफ अपने यूरोपीय सहयोगियों को एकजुट करने के लिए अगले सप्ताह पोलैंड और रोमानिया जाएंगी। कमला हैरिस की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिंह ने कहा, उपराष्ट्रपति की यह यात्रा नाटो गठबंधन की ताकत और एकता को प्रदर्शित करेगी साथ ही रूसी आक्रमण के मद्देनजर नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी सहयोगियों के लिए अमेरिकी समर्थन दिखाएगी।यह दौरा यूक्रेन के लोगों का समर्थन करने के हमारे सामूहिक प्रयासों को भी उजागर करेगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति 9-11 मार्च के बीच पोलैंड के वारसॉ और रोमानिया के बुखारेस्ट जाएंगी। सिंह ने कहा, पोलैंड और रोमानिया के नेताओं के साथ अपनी बैठकों के दौरान, उपराष्ट्रपति रूस के यूक्रेन पर अकारण और अनुचित आक्रमण के मद्देनजर अमेरिका और दोनों यूरोपीय देशों के बीच निकट सहयोग एवं समन्वय को आगे बढ़ाएंगी। नयी दिल्ली। रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन में मौजूदा संकट का भारत-रूस संबंधों सहित पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा और इसके प्रभाव की अभी कल्पना नहीं की जा सकती है। साथ ही,रूसी राजदूत नेकहा कि भारत रूस के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्थिति का लाभ उठा सकता है क्योंकि रूस के पश्चिमी भागीदारों ने इसके साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया है। रूस के राजदूत ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने भारतीय कारोबारों को रूस में अपनी उपस्थिति के विस्तार का ''अवसर'' प्रदान किया है। रूसी दूतावास ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें राजदूत की टिप्पणी है।


## नई पीढ़ी को समझा रहे पुतिनः जंग नहीं 'यूक्रेन की मुक्ति का मिशन' है रूसी आक्रमण, स्कूलों में शुरू हुआ

**मास्को।** यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के बाद व्लादिमिर पुतिन को रूस में ही कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि, कई बच्चे भी पुतिन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। ऐसे में नई पीढ़ी को समझाने और इस जंग को जायज ठहराने के लिए पुतिन ने स्कूलों में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया है।

अमेरिकी मीडिया ने एक खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी रेबिका कॉफलर के हवाले से लिखा है कि रूस के स्कूलों में यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई को एक मुक्ति का मिशन बताया जा रहा है।

**शिक्षा मंत्रालय की ओर से शुरू हुआ ओपन लेसन**

रिपोर्ट में इस बात का भी



जिक्र है कि बच्चों को समझाने के लिए रूस के स्कूलों में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के संबंध में 'ओपन लेसन' नामक एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को वीडियो के माध्यम से समझाया जा रहा है। रूस के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि स्कूली बच्चों को बताया जाएगा कि यूक्रेन में मुक्ति मिशन की आवश्यकता क्यों है?

**रूसी बोलने वालों को नरसंहार से बचा रहे**

ओपन लेसन के माध्यम से स्कूलों में बताया जा रहा है कि, रूस का लक्ष्य उन राष्ट्रवादियों को शामिल करना है, जो रूसी बोलते हैं और रूस के हैं। हम डोनाबास के लोगों को नरसंहार से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूलों में एक वीडियो चलाया जा रहा है, जिसका शीर्षक 'शांति के रक्षक' है। शिक्षा मंत्रालय की फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि, बच्चों को यह बताने का आवश्यकता है कि हमें नाटो से क्या खतरा है और हम डोनेत्स्क और लुहांस्क के लोगों को क्यों बचा रहे हैं।

## अमेरिका का प्लानः पुतिन से सीधी टक्कर नहीं लेंगे बाइडन, लेकिन इस देश के जरिए यूक्रेन को फाइटर जेट दिला रूस को देंगे जवाब

**वाशिंगटन।** रूस ने यूक्रेन में तबाही मचा रखी है। अपनी आधुनिक मिसाइलों, तोपों और हथियारों से उसने यूक्रेन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हालांकि, यूक्रेन भी पश्चिमी हथियारों के दम पर रूस से टक्कर ले रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन लगातार यूक्रेन को हथियार मुहैया करा रहे हैं, लेकिन इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्लान बी सामने आया है। वे रूस से सीधी लड़ाई लड़न के बजाए, यूक्रेन की दूसरी तरह से मदद करने की तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस से भिड़ने के लिए वह पोलैंड को तैयार कर रहे हैं। हालांकि, पोलैंड ने भी अमेरिका के सामने एक शर्त रख दी है। इसमें यूक्रेन की मदद के बदले अमेरिका से आधुनिक फाइटर जेट की मांग की गई है। हालांकि, यह समझौता अभी प्राथमिक स्तर पर है।



**क्या है पोलैंड-अमेरिका की डील?**

चार अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि, अगर पोलैंड अपने इस्तेमाल किए हुए मिग-29 और सुखोई-25 जैसे फाइटर प्लेन को यूक्रेन को मुहैया कराता है तो अमेरिका इसके बदले उसे एफ-16 लड़ाकू विमान दे सकता है। यह डील तब सामने आई है, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका से मदद की गुहार लगाई है।

**नाटो-पुतिन के बीच बढ़ सकता है तनाव**


बाइडन प्रशासन और पोलैंड के बीच हो रही इस डील के सामने आने के बाद नाटो और पुतिन के बीच तनाव बढ़ने की संभावना है। दरअसल, पोलैंड ने पिछले सप्ताह कहा था कि, अगर वह अपने विमान यूक्रेन में भेजता है तो उसकी कमी को पूरा करने के लिए अमेरिका अपने विमान मुहैया कराएगा। पोलैंड के इस फैसले का विरोध न करते हुए व्हाइट हाउस का कहना है कि व नाटो सहयोगी देशों से बातचीत में है कि, वे पोलैंड की क्षमता को किस तरह बढ़ा सकते हैं। ऐसे में नाटो और पुतिन के बीच सीधा टकराव हो सकता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# पुतिन की नाटो सहित पश्चिमी देशों को कड़ी धमकी

**लॉस एंजेल्स।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नाटो सहित पश्चिमी देशों को धमकी दी है कि वह यूक्रेन के हवाई मार्ग पर ह्लनो फ़्लाई जोनह्व का विचार दिमाग से निकाल दें अन्यथा एक बड़ी मिलिटरी लड़ाई के लिए तैयार रहें।

पुतिन की इस धमकी को अमेरिकी मीडिया और अखबारों में प्रमुख स्थान दिया गया है। न्यू यॉर्क टाइम्स ने इस खबर को सुर्ख़ियों में प्रकाशित किया है तो अन्य मीडिया भी इसे बैनर खबर के रूप में ले रहे हैं। पुतिन ने कहा है कि नो फ़्लाई जोन



घोषित किए जाने के फलस्वरूप पूर्णरूपेण मिलिटरी संघर्ष होता है तो इसकी ज़िम्मेदारी भी यूरोप और पश्चिमी देशों को लेनी होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की का नाम लिए बिना उन्होंने यूक्रेन के सत्तानशी को आगाह किया कि बेहतर होगा कि वे उनकी शर्तें मान लें अन्यथा उन्हें संप्रभु राज्य के दर्जे से भी हाथ धोना पड़ेगा। रूस की पहली बड़ी शर्त यह कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेने से पल्ला झाड़ ले। रूस के विमान कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुतिन ने निसंकोच हवाई मार्ग के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह मात्र अफवाह है कि वह मार्शल ला लगा रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनके देश की सीमाओं पर कोई आंच नहीं आती, वह न तो मार्शल लगाएंगे और न ही सेना में नई भर्ती ही करेंगे।